रोहतक
रविवार 8 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 30, अंक : 32
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

#Give To Gain

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आज

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 36.3
न्यून. 15.6

## जींद में भीषण हादसा

# गुलाल की फैक्टरी में आग, 4 महिला मजदूर जिंदा जलीं, 13 बुरी तरह झुलसे

### सफीदों में अवैध रूप से चल रही थी फैक्टरी, ताला लगा होने से भागने का मौका भी नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों की गीता कालोनी में शनिवार को रंग व गुलाल फैक्टरी में भीषण आग लगने से में चार महिला मजदूरों की जिंदा जलने से मौत गईं। वहीं, 13 मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। सभी घायलों को खानपुर पीजीआई, रोहतक पीजीआई और पानीपत के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि यहां प्रोडक्ट में बारूद के अलावा कैमिकल का भी प्रयोग होता था। फैक्टरी पिछले डेढ़ साल से अवैध रूप से चल रही थी। आग कैसे लगी, इसका खुलासा नहीं हो पाया। डीसी, एसपी अमले के मौके पर पहुंचे और हालातों का जायजा लिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने फैक्टरी मालिक सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

#### इसलिए भड़की आग

फैक्टरी में अचानक आग लग गई। बारूद और कैमिकल होने के कारण पूरी फैक्टरी आग की चपेट में आ गई। घटना के दौरान फैक्टरी के गेट पर बाहर ताला लगा हुआ था। चार महिलाओं ने छत से कूदकर जान बचाई, जबकि गांव सिंघपुरा निवासी पिंकी (51), वार्ड नौ निवासी गुड्डी (50), डिग्गी मोहल्ला निवासी पूजा (40), आर्दश कालोनी निवासी ऊषा (45) की मौत हो गई।

#### ये हुए घायल

आदर्श कालोनी निवासी रानी, जगबीर, निसिंग करनाल निवासी पवन, शिव कालोनी निवासी कश्मीरी देवी, गीता कालोनी निवासी कमलेश, बिमला समेत 13 मजदूर बुरी तरह झुलस गए। जिन्हें लोगों द्वारा अपने साधनों से उपचार के लिए सफीदों के नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने झुलसे 13 मजदूरों को रेफर कर दिया गया। कुछ की हालात गंभीर बनी हुई है।





फैक्टरी में बारूद के साथ किया जाता था कैमिकल का प्रयोग

आग लगने के कारणों का नहीं हुआ खुलासा

फैक्टरी मालिक सहित पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज

#### दीवार तोड़कर निकाला

फैक्टरी के अंदर झुलसे मजदूरों को निकालने के लिए दीवार तोड़नी पड़ी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। फोरेंसिक टीम ने भी फैक्टरी में पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। फैक्टरी को वार्ड 10 निवासी राकेश उर्फ राजू किराये के मकान में चला रहा था। शहर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़ित परिवार राहडा मोहल्ला निवासी विजय की शिकायत पर फैक्टरी मालिक राकेश उर्फ राजू, देवेंद्र, सतनारायण, रामकरण और एक अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है। एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि फैक्टरी मालिक सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आज

## सीएम नायब सैनी करेंगे महिलाओं को सम्मानित

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम' के गौरवशाली 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा में 8 मार्च को राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान महिला सशक्तिकरण, उनके अधिकारों और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान की झलक दिखाई देगी। प्रवक्ता ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा, खेल और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों को भी साझा किया जाएगा, ताकि महिलाओं को अपने अधिकारों और अवसरों के प्रति जागरूक किया जा सके।



सिरसा में होगा राज्यस्तरीय कार्यक्रम

(विशेष पैकेल पेज-6 पर)

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का फैसला

## छत्रपति हत्याकांड में डेराप्रमुख गुरमीत बरी

चंडीगढ़ (हरिभूमि ब्यूरो)। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पत्रकार राम चंद्र छत्रपति की 2002 में हुई हत्या के मामले में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को बरी कर दिया है। वहीं, तीन अन्य दोषियों की सजा को बरकरार रखा है। डेरा प्रमुख के वकील जितेंद्र खुराना ने शनिवार को यह जानकारी दी। हाईकोर्ट ने डेरा प्रमुख को दोषी ठहराए जाने और आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के 7 साल बाद बरी किया है। पत्रकार के बेटे अंशुल छत्रपति ने डेरा प्रमुख को बरी किए जाने के इस फैसले को अपने परिवार के लिए एक 'झटका' बताया। उन्होंने कहा कि हम इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। हमें उम्मीद है कि जांच एजेंसी सीबीआई भी उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देगी। 'सिंह और तीन अन्य लोगों को हरियाणा के सिरसा में पत्रकार की हत्या के लिए 2019 में दोषी ठहराया गया था।



सीबीआई की विशेष अदालत ने उम्रकैद की सजा दी थी
●
2002 में हुई थी पत्रकार राम चंद्र छत्रपति की हत्या
●
मामले में तीन अन्य दोषियों की सजा बरकरार रखी
●
रामचंद्र का परिवार बोला, फैसला निराशाजनक, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

#### अक्टूबर 2002 में घर के बाहर मारी गई थी गोली

छत्रपति को अक्टूबर 2002 में उनके घर के बाहर गोली मार दी गई थी, जब उनके अखबार 'पूरा सच' ने एक गुमनाम पत्र प्रकाशित किया था, जिसमें सिरसा स्थित डेरा मुख्यालय में महिला अनुयायियों के कथित यौन शोषण का जिक्र किया गया था। सिंह को 2017 में अपनी दो शिष्याओं से बलात्कार के जुर्म में भी 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। इस मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद उसे हरियाणा के रोहतक स्थित सुनारियां जेल में रखा गया।

टटीरी विवाद: हरियाणवी गाने पर थी आपत्ति

## रैपर बादशाह ने माफी मांगी लुकआउट नोटिस की तैयारी

चंडीगढ़ (हरिभूमि ब्यूरो)। रैपर आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया उर्फ बादशाह के हाल ही में रिलीज हुए हरियाणवी गाने 'टटीरी' में कथित आपत्तिजनक बोल और दृश्यों को लेकर मामला दर्ज किए जाने के एक दिन बाद पुलिस ने बादशाह को देश छोड़कर जाने से रोकने के लिए उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बीच, बादशाह ने 'इंस्टाग्राम' पर एक वीडियो साझा कर अपने नए गाने से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचने के लिए माफी मांगी। पंचकूला पुलिस ने बादशाह को तत्काल पेश होने को लेकर औपचारिक नोटिस जारी किया है। हरियाणा पुलिस ने बताया कि बादशाह की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए कई पुलिस टीम गठित की गई हैं और विभिन्न संभावित स्थानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।



गायक की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित
✦✦✦
सिंगर बोले- हरियाणा का बेटा समझकर मुझे माफ कर दो

#### गायक ने यह कहा वीडियो संदेश में

गायक ने एक वीडियो संदेश में कहा, मेरा नया गाना टटीरी रिलीज हुआ है। मैं देख रहा हूं कि गाने के एक हिस्से के बोल और दृश्य के कारण हरियाणा के बहुत से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं भी हरियाणा से हूं। जो लोग मुझे जानते हैं, मेरी बोली, खान-पान और रहन-सहन, मेरी पहचान हरियाणा से है। मुझे हरियाणवी होने पर गर्व है। मेरा कभी भी ऐसा कोई इरादा नहीं था कि मैं किसी भी बच्चे, महिला के बारे में बेहूदी बात करूं। मैं हिप-हॉप जॉनर से हूं, जहां गाने के बोल उनके प्रतिद्वंदी के लिए होते हैं और ये न तो बच्चे के लिए और न ही किसी महिला के लिए। मैं ऐसा कभी नहीं करूंगा।



## खबर संक्षेप



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को संत कबीर कुटीर में लोगों की समस्याएं सुनीं व समाधान के निर्देश दिए।

### भाजपा ने वक्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**चंडीगढ़।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत मंडल स्तर पर वक्ता तैयार करने के लिए भाजपा का शनिवार से मंडल स्तरीय प्रशिक्षण महाअभियान शुरू हो गया है। पहले ही दिन 66 मंडलों में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। यह अभियान 14 अप्रैल तक चलेगा। सभी 377 मंडलों में होने वाले इस प्रशिक्षण अभियान में विधायक, प्रवक्ता और चेयरमैन वक्ता के रूप में शामिल रहेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को विचारधारा की स्पष्टता, संगठन की मजबूती और जनसेवा के लिए तैयार करना। प्रदेश के सभी 377 मंडलों में प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को 'एआई' टूल का उपयोग, सोशल मीडिया पर काम तथा बूथ प्रबंधन सिखाया जाएगा, ताकि काम को और अधिक आसान और आधुनिक बनाया जा सके।

### महिला दिवस पर जिलों में लगेंगे रक्तदान शिविर

**चंडीगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति को समर्पित एक विशेष पहल के तहत 8 मार्च को हरियाणा के सभी जिलों में महिला स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का आयोजन हरियाणा राज्य रक्त संचरण परिषद तथा स्वास्थ्य विभाग हरियाणा की देखरेख में राज्य के सभी लाइसेंस प्राप्त रक्त केन्द्रों, जिला नागरिक अस्पतालों और निजी रक्त केन्द्रों किया जाएगा।हरियाणा राज्य रक्त संचरण परिषद की परियोजना निदेशक डॉ. मुक्ता कुमार ने बताया कि इन रक्तदान शिविरों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। रक्तदान को महादान माना जाता है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने में सहायक होती है।

### अंबाला में 58 करोड़ से होंगे विकास कार्य

**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज सिस्टम के तहत अम्बाला छावनी में जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। सदर क्षेत्र में पहले ही स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज सिस्टम सफलतापूर्वक डाली जा चुकी है, जिसका लोगों को लाभ मिल रहा है। अब शेष अम्बाला छावनी में ड्रेनेज पाइपलाइन का जाल बिछाया जाएगा। दो चरणों में अम्बाला छावनी में स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन डालने का कार्य पूरा होगा। पहले चरण के तहत लगभग 58 करोड़ रुपए की लागत से 89 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन डालने के कार्य को मंजूरी मिल चुकी है जबकि दूसरे चरण के कार्य को जल्द मंजूरी मिलने की संभावना है। विज ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ अम्बाला छावनी के प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा की।

---

चौ. छोटूराम धाम में सर्वखाप पंचायत में 70 खापों के चौधरियों ने लिया हिस्सा

# जसिया धाम किसी व्यक्ति विशेष की संपत्ति नहीं, समाज की धरोहर : खाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- रणधीर सिंह कढ़ोदा की कार्यकारिणी को मिला सेवा विस्तार
- ट्रस्ट डीड से सेटलर शब्द को हटाने की मांग

चौ. छोटू राम धाम, जसिया में शनिवार को सर्व हरियाणा सर्वखाप पंचायत का आयोजन किया गया। हुड्डा खाप के प्रधान ओम प्रकाश हुड्डा की अध्यक्षता में हुई इस पंचायत में हरियाणा की लगभग 70 खापों के प्रतिनिधियों और हजारों लोगों ने शिरकत की। पंचायत में सर्वसम्मति से धाम के भविष्य और प्रबंधन को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। पंचायत ने वर्तमान चेयरमैन रणधीर सिंह कढ़ोदा के नेतृत्व वाली कार्यकारिणी के पिछले 4 वर्षों के कार्यों की सराहना की। सर्वखाप पंचायत ने कोर्ट के निर्देशानुसार सहमति प्रकट करते हुए इस कमेटी को अपना कार्यकाल जारी रखने का अनुमोदन किया। पंचायत में यह स्पष्ट किया गया कि यह धाम पूरे देश के जाट समाज की धरोहर है, किसी व्यक्ति विशेष की संपत्ति नहीं। ट्रस्ट डीड से 'सेटलर' शब्द को हटाने की मांग की गई, ताकि संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और कोई इसे बेच या गिरवी न रख सके। ट्रस्ट डीड को मजबूत और पारदर्शी बनाने के लिए हुड्डा खाप प्रधान की अध्यक्षता में एक 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी दो महीने में अपनी रिपोर्ट देगी। साथ ही, धाम का रजिस्ट्रेशन दिल्ली के बजाय रोहतक (जसिया) के पते पर करने का निर्णय लिया गया।



रोहतक। सर्वखाप पंचायत में हिस्सा लेते खाप चौधरी।

### ये प्रस्ताव किए पारित

प्रस्ताव पारित किया गया कि धाम का प्रांगण समाज की बैठकों के लिए हमेशा उपलब्ध रहेगा, लेकिन यहां किसी भी तरह की राजनीतिक रैली करने की अनुमति नहीं होगी। समाज के खुशी के कार्यक्रमों (शादी, धार्मिक आयोजन) में गोशाला और मंदिर की तरह अब छोटू राम धाम के लिए भी दान-दक्षिणा देने की नई परंपरा शुरू करने का आह्वान किया गया। जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक बल्हारा ने कहा कि वह भविष्य में जाट सेवा संघ का कोई भी पद नहीं लेंगे। लेकिन छोटू राम धाम के लिए सदैव तन मन धन से साथ रहेंगे।

---

## संत कबीर कुटीर पहुंचे पंजाब के राज्यपाल



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपने सरकारी आवास संत कबीर कुटीर पर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया का अभिवादन करते हुए।

---

भाजपा ने 27 नेताओं व पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई

## पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे हरियाणा के नेता



- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने सूची जारी की
- कई जिलों में प्रचार करने जाएंगे नेता

**चंडीगढ़।** पश्चिम बंगाल विधानसभा के चुनावी रण में हरियाणा भाजपा की टीम चुनाव प्रचार की कमान संभालेगी। भाजपा ने कई पूर्व मंत्रियों के साथ साथ अनुभवी और वरिष्ठ नेताओं को प्रचार का जिम्मा सौंपा गया है, ताकि जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाया जा सके। चुनाव का शेड्यूल जारी होने से पहले नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बडौली की ओर से जारी सूची के अनुसार हरियाणा के 27 वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों को पश्चिम बंगाल में पार्टी संगठन को मजबूत करने और चुनाव प्रचार नेताओं में पूर्व मंत्री डा. बनवारी लाल, पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ऊषा प्रियदर्शी, कैप्टन योगेश बैरागी सहित वरिष्ठ नेता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी, पूर्व मेयर प्रत्याशी नगर निगम सुंदरलाल सरपंच, पूर्व जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, पूर्व प्रत्याशी महम विधानसभा दीपक हुड्डा, कुरुक्षेत्र के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि बत्तान, युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजीव गंगवा, पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज शर्मा, हथीन से पूर्व प्रत्याशी मनोज रावत चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे। नेताओं में जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंगला, जिला सचिव योगेश तेवतिया, युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य करण गोयल, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिय यादव, ओबीसी मोर्चा के जिला कार्यकारिणी सदस्य सचिव बघेल, बाजार समिति के सदस्य पदम सैनी, युवा मोर्चा कार्यकर्ता अनुज शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री व अन्य की ड्यूटी लगाई है।

---

## हाईकोर्ट से भी ज्योति मल्होत्रा को झटका, जमानत याचिका खारिज



- यू-ट्यूबर पर पाकिस्तान के लिए जासूसी का आरोप, हिसार कोर्ट से नहीं मिली थी बेल

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़ी गई और हिसार निवासी यू-ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा करीब 10 महीने बाद भी जेल से बाहर नहीं आएगी। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने ज्योति को जमानत देने से इनकार कर दिया । ज्योति की जमानत याचिका पर हरियाणा हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। ज्योति की तरफ से आरोप लगाया कि इस मामले में उसके खिलाफ दर्ज एफआईआर का कोई ठोस आधार नहीं है। उसने कोर्ट से उसकी व्हॉट्सएप चैट का रिकॉर्ड तलब करने का आग्रह किया था। इस पर कोर्ट ने जांच अधिकारी को रिकॉर्ड के साथ पेश होने का आदेश दिया था। जासूसी गतिविधियों के आरोप में मई 2025 से ज्योति जेल में बंद है। ज्योति के वकील रविंद्र सिंह ढुल ने आरोप लगाया कि इस मामले में ज्योति के खिलाफ दर्ज एफआईआर का कोई ठोस आधार नहीं है। जासूसी गतिविधियों के आरोप में मई 2025 से जेल में बंद ज्योति ने अपनी रिहाई के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एफआईआर के अनुसार, यह मामला मई 2025 में आई एक इंटेलिजेंस ब्यूरो इनपुट रिपोर्ट से जुड़ा है। आरोप है कि ज्योति मल्होत्रा वर्ष 2023 में पाकिस्तान उच्चायोग, नई दिल्ली, वीज़ा आवेदन के लिए गई थी, जहां उनकी मुलाकात पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों के साथ हुई थी।

## दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस-वे पर लूटपाट का आरोपी गिरफ्तार



- खुद को बजरंग दल का सदस्य बताकर शाहरुख करता था लूटपाट

**नूंह।** जिले फिरोजपुर झिरका सदर थाना सीमा क्षेत्र में गत 23 जनवरी को दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुई लूटपाट की घटना में पुलिस ने दूसरी सफलता हासिल करते हुए 5 हजार रुपये के इनामी बदमाश को दबोचा है। जिसकी पहचान शाहरुख उर्फ जुहरू निवासी गांव छारोडा थाना सदर तावडू जिला नूंह के रूप में हुई है। इस वारदात में बदमाशों ने खुद को बजरंग दल का सदस्य बताकर यात्रियों से लूटपाट और मारपीट की थी। पुलिस जांच में एक आरोपी को जनवरी महीने में ही गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यह घटना 23 जनवरी की रात करीब डेढ़ बजे की है। जब दिल्ली निवासी पीड़ित राजू और उनके साथी दिलशाद अपनी गाड़ी में मेडिकल सामान लेकर दिल्ली से मध्य प्रदेश जा रहे थे। घाटा शमशाबाद टोल प्लाजा से आगे चैनल नंबर 73 के पास उनकी गाड़ी खराब हो गई। उन्होंने सहायता के लिए 1033 और टाटा मोटर्स को कॉल किया, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। इसी दौरान एक बोलेरो कैंपर वहां रुकी, जिसमें से 4 - 5 व्यक्ति उतरे। उन्होंने खुद को बजरंग दल का सदस्य बताकर मारपीट कर लूटपाट की और फरार हो गए।

---

## महंगाई की मार से गरीबों व मध्यम वर्ग का जीना दुश्वार

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा बढ़ती महंगाई, विदेशी दबाव और राज्यसभा चुनाव पर प्रतिक्रिया दी है। हुड्डा ने पत्रकारों के सवालों का जवाब में कहा कि बीजेपी सरकार में महंगाई लगातार विकराल होती जा रही है। पेट्रोल-डीजल के बाद लगातार गैस सिलेंडर के दामों में हो रही बढ़ोतरी गरीब व मध्यम वर्ग की जेब पर सीधा डाका है। कमरतोड़ महंगाई के चलते आम आदमी का जीन दुश्वार हो गया है। हुड्डा ने जोर देकर कहा कि सरकार को कम से कम रसोई में इस्तेमाल होने वाली आवश्यक वस्तुओं जैसे गैस, तेल और अन्य खाद्य सामग्रियों के दामों पर नियंत्रण रखना चाहिए ताकि लोग कम से कम दो जून की रोट तो खा सकें। लेकिन ऐसा करने की बजाए गैस के रेट को बढ़ाना जनता के घावों पर नमक छिड़कने जैसा है।

### विदेशी दबाव में फैसले ले रहा केंद्र : हुड्डा



हुड्डा ने अंतरराष्ट्रीय तेल आयात जैसे महत्वपूर्ण फैसलों पर अमेरिकी दबाव का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार की विदेश नीति पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज की स्थिति ऐसी हो गई है कि तेल लाने जैसे बुनियादी निर्णयों के लिए भी सरकार को दूसरे देशों से सर्टिफिकेट लेना पड़ रहा है और 30 दिनों की मोहलत मांगी जा रही है। श्यह शर्मनाक है कि एक आजाद देश होने के बावजूद हमें किसी अन्य राष्ट्र से इजाजत लेनी पड़ रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि जो डील हुई है, वह दबाव में हुई है और देश की संप्रभुता पर सवाल खड़े करती है।

## कार में मिले भाइयों के शव, एक सेना से रिटायर्ड

**फरीदाबाद।** नवीन नगर इलाके में दो सगे भाइयों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। दोनों के शव देर रात अगवानपुर रोड पर कार के अंदर मिले। मृतकों की पहचान रोशन नगर निवासी 44 वर्षीय कुंदन कुमार और 38 वर्षीय रंजन कुमार के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में दोनों की मौत दम घुटने से हुई बताई जा रही है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान अस्पताल भिजवाए हैं। परिजन से पता चला है कि दोनों भाई शुक्रवार सुबह कार लेकर घर से निकले थे। देर शाम तक जब वापस नहीं लौटे तो परिजन ने उनकी तलाश शुरू की। उनकी कार नवीन नगर इलाके में अगवानपुर रोड पर खड़ी मिली। उसके अंदर दोनों के शव थे। आस-पास के लोगों ने बताया कि कार सुबह 10 बजे से खड़ी थी, लेकिन किसी ने कार की तरफ ध्यान नहीं दिया, क्योंकि वहां सडक़ किनारे और भी कारें खड़ी रहती हैं।



- शुक्रवार शाम को घर से निकले थे, वाहन में दम घुटने की आशंका

पुलिस ने बताया कि कुंदन कुमार सेना से सेवानिवृत्त थे और रंजन कुमार छोटा मोटा काम करते थे। दोनों रोशन नगर इलाके में पिछले करीब 10 साल से रह रहे थे। पुलिस का कहना है कि मौत के असली कारण का पता पोस्टमार्टम से ही चलेगा। पुलिस ने कार भी कब्जे में ली है, उसकी भी छानबीन की जा रही है।

## साइबर पुलिस के वाहन को कैंटर ने पीछे से टक्कर मारी, बाल-बाल बचे जवान

नूंह। दिल्ली - बड़ौदा - मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। नूंह जिले के साइबर क्राइम थाना की एक गश्त टीम जो रात्रि गश्त पर थी, को पीछे से तेज रफ्तार कैंटर ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में साइबर थाना की सरकारी गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गाड़ी का पिछला हिस्सा पूरी तरह चूर-चूर हो गया। लेकिन गनीमत रही कि इसमें सवार इंस्पेक्टर और चालक सहित एक कांस्टेबल और अन्य पुलिसकर्मी सुरक्षित रहे। किसी को भी कोई चोट नहीं आई। पुलिस टीम साइबर क्राइम से संबंधित जांच के लिए गश्त कर रही थी, जब यह हादसा हुआ। तेज रफ्तार वाहन के कारण सरकारी वाहन को भारी नुकसान पहुंचा, लेकिन पुलिसकर्मियों की जान बच गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची अन्य टीमें ने स्थिति संभाली और गाड़ी को हटाया गया। यह हादसा एक्सप्रेसवे पर रात्रि समय में तेज गति और लापरवाही के खतरों की ओर इशारा करता है। पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है।




### केएमपी एक्सप्रेसवे पर चलती कार में आग लगी

**नूंह।** जिले की सीमा से निकल रहे कुंडली - मानेसर - पलवल एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार - शनिवार की रात को एक मारुति स्विफ्ट कार में अचानक इंजन में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरी कार जलकर राख हो गई, हालांकि फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से आग पर काबू पा लिया गया और कार में सवार तीनों व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। किसी को कोई चोट या जान-माल का नुकसान नहीं हुआ, सिवाय वाहन के पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होने के। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना थाना रोजका क्षेत्र में गांव खेड़ा खलीलपुर के नजदीक के हुई। कार को कार्तिक पुत्र सुरेंद्र, निवासी अमीनपुर पिलानी जिला झुंझुनू राजस्थान चला रहा था। कार में कुल तीन व्यक्ति सवार थे। रात के समय अचानक कार के इंजन में आग लगने से स्थिति गंभीर हो गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया, लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह जल चुका था। सौभाग्य से कार में बैठे सभी लोग समय रहते सुरक्षित बाहर निकल आए और उन्हें कोई शारीरिक चोट नहीं आई।

---

**राज्यसभा चुनाव** में भीतरघात रोकने के लिए कांग्रेस की बड़ी तैयारी

चंडीगढ़ में कल पार्टी की अहम बैठक, 16 मार्च को दो सीटों के लिए होगा चुनाव

## हाईकमान के दूत रखेंगे चुनाव प्रक्रिया पर नजर विधायकों के साथ बैठक कर बनाएंगे रणनीति

**चंडीगढ़।** आखिरकार राज्यसभा की दो सीट और दावेदार तीन होने के कारण मुकाबला जहां एक ओर रोचक बन गया है। वहीं, कांग्रेस द्वारा विधायकों को बाहर लेकर जाने की चर्चाओं पर फिलहाल, विराम लग गया है। 9 मार्च की देर शाम को कांग्रेस के सभी विधायकों की बैठक बुलाने की रणनीति तैयार की गई है, जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के अलावा दिल्ली हाईकमान के दूत भी मौजूद रहेंगे। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली हाईकमान से आए विशेष दूत पूरे माहौल पर नजर रखने के लिए चंडीगढ़ आ चुके हैं। जो हर हालात पर नजर रखने का काम करेंगे, फिलहाल, बाहर लेकर जाने की चर्चाओं को पार्टी के कईं नेताओं ने हवा हवाई करार दिया है। यहां पर बता दें कि हरियाणा की दो सीटों पर राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल बढ़ी हुई है। एक ओर जहां सत्ताधारी पार्टी भाजपा के नेता चिंतन मंथन और अपनी रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। वहीं, कांग्रेस पार्टी अलग से अपने विधायकों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ में चिंतन मंथन में जुट गए हैं।

### हुड्डा बोले, हाईकमान के आदेशों का पालन होगा

यहां पर बता दें कि राज्यसभा के दो सदस्यों किरण चौधरी और रामचंद्र जांगड़ा का कार्यकाल पूरा होने दोनों सीटों पर 16 मार्च को चुनाव होना तय है। राज्यसभा की दो सीटों पर तीसरा नामांकन दाखिल हो जाने के कारण कांग्रेस में ज्यादा चिंता वाली बात हो गई है। अब से पहले भी दो बार भितरघात हो चुका है। मुकाबला न केवल रोचक होगा, बल्कि क्रॉस वोटिंग की आशंका प्रबल हो गई है। वैसे विधायक दल नेता और नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, बीबी बतरा,अशोक अरोड़ा सभी क्रास वोटिंग अथवा भितरघात के सवालों पर सटीक जवाब दे रहे हैं, उन्होंने कहा कि पूरी पार्टी और विधायक एकजुट हैं। हाईकमान के दिशा निर्देशों का पालन होगा।

### दो बार हो चुका खेला

हरियाणा में साल 2016 और साल 2022 के राज्यसभा चुनाव में दो बार खेला हो चुका है। कांग्रेस के पास विधायकों का पर्याप्त संख्या होने के बावजूद क्रॉस वोटिंग हुई और सत्ता पक्ष भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सुभाष चंद्रा और कार्तिकेय शर्मा चुनाव जीत चुके हैं। दोनों ने ही निर्दलीय भाग्य आजमाया था। कांग्रेस के पास अपने हिस्से की सीट जीतने के लिए पर्याप्त संख्या बल है। साथ ही एक सीट भाजपा और एक सीट कांग्रेस को जानी थी, बेहद ही सीधा खेल होने के बाद भी अब तीसरा उम्मीदवार उतरने से कईं तरह की आशंका हो गई हैं। सवाल यह पैदा हो रहा है कि पिछले इतिहास की तरह क्या तीसरी बार राज्यसभा के चुनाव में फिर भाजपा के दिग्गज खेल कर सकते हैं। 90 सदस्यीय विधानसभा में विधायकों की संख्या के आधार पर एक सीट भाजपा और एक सीट कांग्रेस के खाते में जानी तय है। भाजपा ने सोची-समझी रणनीति के तहत कांग्रेस के हिस्से वाली सीट समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार को चुनाव मैदान में उतार दिया है, जिससे कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

### दिल्ली में भाजपा नेता करेंगे मंथन मुख्यमंत्री और अन्य नेता जुटेंगे

भाजपा ने राज्यसभा चुनाव की रणनीति तैयार करने के लिए शनिवार को देर रात नई दिल्ली में हरियाणा के प्रमुख नेताओं की बैठक बुलाई है। इस दौरान राज्यसभा की सीटों पर मंथन होगा। मुख्यमंत्री सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के साथ भाजपा के प्रभारी डा. सतीश पुनिया, सह प्रभारी सुरेंद्र नागर और प्रदेश अध्यक्ष मोहन बडौली समेत प्रमुख पदाधिकारी बैठक का हिस्सा होंगे, जो तय करेंगे कि किस तरह से 2016 और 2022 की रणनीति को साल 2026 में अंजाम दिया जा सके। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा भी इस प्रयास में जुट गए हैं कि उनका कोई विधायक राज्यसभा के चुनाव में क्रॉस वोटिंग के लिए तैयार न हो सके। चर्चा है कि भाजपा ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में हरियाणा लोकहित पार्टी अध्यक्ष एवं सिरसा पूर्व विधायक गोपाल कांडा पर भरोसा नहीं जताया। कांडा हरियाणा के गृह राज्य मंत्री भी रहे चुके हैं। राष्ट्रीय स्तर पर उनकी पार्टी एनडीए गठबंधन में सहयोगी है। चुनाव में नामांकन से पहले गोपाल कांडा की केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से वार्ता और मुख्यमंत्री व अन्य के साथ मुलाकात हुई थी।

---

**भाजपा के राज्यसभा** प्रत्याशी संजय भाटिया से विशेष बातचीत

## संसद के उच्च सदन में हरियाणा के मुद्दों को उठाने का काम करूंगा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

पूर्व सांसद और अब राज्यसभा के लिए कमल का फूल लेकर मैदान में उतरे संजय भाटिया के लिए सियासी गुरु मनोहरलाल ने शिष्य के लिए रास्ता खोल दिया है। राज्यसभा उम्मीदवार भाजपा संजय भाटिया अपना नामांकन अन्य प्रक्रिया पूर्ण कर चुके हैं। लोकसभा सांसद रह चुके संजय भाटिया, करनाल पानीपत संसदीय सीट से लोकसभा में एमपी बने और कामकाज भी किया। बाद में अपने सियासी गुरु के लोकसभा चुनाव लड़ने के कारण एक कदम पीछे हटे पूर्व सीएम वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के दिशा निर्देशों पर कामकाज करते रहे। संजय भाटिया ने कहा कि राज्यसभा में अब पार्टी ने मुझे फिर से मौका दिया है, यह गौरव की बात है, मेरे जैसे छोटे से कार्यकर्ता को वहां भेजा जा रहा है। जहां पर हरियाणा के मुद्दे उठाने का काम करूंगा। भाटिया का कहना है है कि वे छात्र जीवन से ही छात्र राजनीति, भाजपा युवा मोर्चा में शामिल रहे हैं। अब भले ही 58 साल की उम्र पार कर रहा हूं, लेकिन अभी भी क्षेत्र के लोग दोस्तों की तरह से सम्मान देते हैं, रूचि और दोस्ती के कारण युवा समझते हैं।

### कांग्रेस के विधायक और नेता निराश



संजय भाटिया का कहना है कांग्रेस के विधायक और नेता निराश हैं। कांग्रेसी नेताओं विधायकों में चर्चा है कि आखिरकार उक्त प्रत्याशी को क्या समझकर मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस की विचारधारा का समर्थक नहीं रहा, कांग्रेस में लोकतंत्र नहीं है, इसलिए कांग्रेस में व्यक्तिगत संबंध वाले भी टिकट लेकर चले आते हैं।एक अन्य सवाल के जवाब में संजय भाटिया ने कहा कि पंजाब में हमारे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूरी मेहनत कर रहे हैं, कमाल की बात है कि वहां धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर छा गए हैं। वे पूरी मेहनत कर रहे हैं। पंजाब हमारा बड़ा भाई है, हाईकमान जहां पर हमारी डयूटी लगाएगा वहां पर जाकर काम करेंगे। उसमें भले ही पंजाब हो केरल हो या अन्य राज्य।

रोहतक, रविवार 8 मार्च 2026

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**सुविचार**

बड़े सपने देखो, छोटी शुरुआत करो और आगे बढ़ते रहो। कठिन समय में भी सकारात्मक रहो। गलतियां सीखने की सीढ़ियां होती हैं। अनुशासन लक्ष्यों और उपलब्धियों के बीच का सेतु है।

-अज्ञात

#Give Gain To

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आज



## खबर संक्षेप

### ग्रीन अमोनिया और मेथनॉल के मानक तय



**नई दिल्ली।** केंद्र ने राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को गति देने ग्रीन अमोनिया और ग्रीन मेथनॉल के लिए नए मानक अधिसूचित किए। इनका उद्देश्य ग्रीन हाइड्रोजन से बनने वाले ईंधन के व्यापार और उपयोग को बढ़ावा देना है। ग्रीन अमोनिया के उत्पादन में गैर-जैविक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन 0.38 किलो सीओटू समतुल्य प्रति किलो अमोनिया से अधिक नहीं हो। एजेंसी

### कोलकाता में बंद क्लब के कमरे में बम धमाका



**कोलकाता।** कोलकाता में बंद क्लब के कमरे में बम धमाका हुआ है। हालांकि गनीमत ये रही जहां ये धमाका हुआ, वो जगह बंद पड़ी थी, इसलिए इस जगह पर कोई जनहानि नहीं हुई है। क्लब में 2 से 3 कच्चे बम रखे थे, जो सुबह 6 बजे के आसपास फट गए। इसकी वजह से हड़कंप मच गया। धमाका इतनी जोर का था कि छत की टिन इमारत की 5वीं मंजिल पर गिरी। एजेंसी

### राजस्थान में भूकंप, खाटू श्याम के पास झटके



**सीकर।** राजस्थान के सीकर जिले में शनिवार सुबह-सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटकों की वजह से लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का समय आज सुबह छह बजकर 32 मिनट रहा। भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 3.5 दर्ज किया गया। झटके सीकर जिले के खाटूश्यामजी, पालसाना, ढिंगपुर और आसपास के इलाकों में लगे। एजेंसी

### मौर्य के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग



**अमौसी।** यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को एक बड़े हादसे से बाल-बाल बच गए। उनके हेलीकॉप्टर में उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते उसमें धुआं भरने लगा। पायलट ने तुरंत अमौसी एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग कराई। मौर्य को सुबह करीब 11:30 बजे कौशांबी पहुंचना था। एजेंसी

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग

**रूस के राष्ट्रपति पुतिन से वार्ता के बाद ईरानी राष्ट्रपति नरम पड़े**

# पड़ोसी देशों पर नहीं करेंगे हमले, अब तक के नुकसान के लिए ईरान ने मांगी माफी

भाषा/एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ईरान व अमेरिका-इजराइल के बीच संघर्ष रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई। इसके बाद तनाव कम करने की दिशा में पहले बड़े कदम के रूप में, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने पड़ोसी देशों से माफी मांगी और देश की अंतरिम नेतृत्व परिषद के एक महत्वपूर्ण निर्णय की घोषणा की कि तेहरान पड़ोसी राज्यों के खिलाफ मिसाइल हमले या आक्रमण नहीं करेगा, जब तक कि ईरान पर हमला उनके क्षेत्र से न किया जाए। रूसी राष्ट्रपति की इस बातचीत को लेकर अब ये कयास लगाए जा रहे हैं कि रूस इस मुश्किल वक्त में ईरान का साथ दे सकता है, हालांकि पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति से तनाव कम करने और जल्द से जल्द मुद्दे को कूटनीतिक तरीके से सुलझाने की अपील की है। रूसी विदेश मंत्रालय की ओर से टेलीग्राम पर दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत की जानकारी दी गई। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा- पुतिन ने खामेनेई, उनके परिवार के सदस्यों और देश की सेना और नेताओं की मौत पर अपनी गहरी संवेदना जताई।

*(संबंधित पैकेज पेज 8 पर)*


*रूसी विदेश मंत्रालय ने बताया कि अपनी संप्रभुता और अपने देश की आजादी की रक्षा कर रहा है ईरान*

▸▸ **ट्रंप ने कहा** ईरान ने पड़ोसी देशों के सामने घुटने टेक दिए

▸▸ **ईरानी राष्ट्रपति बोले-** ट्रंप का आत्मसमर्पण का ख्वाब उनकी कब्र में ही होगा पूरा



मसूद पेजेश्कियन



व्लादिमीर पुतिन

## ईरान ने सरेंडर कर दिया, अब वह मिडिल ईस्ट का दादा नहीं रहा: ट्रंप



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान, जो बुरी तरह हार रहा है, ने अपने मध्य पूर्वी पड़ोसियों से माफी मांगते हुए आत्मसमर्पण कर दिया है और वादा किया है कि वह अब उन पर गोलीबारी नहीं करेगा। यह वादा अमेरिका और इज़राइल के लगातार हमलों के कारण ही किया गया है। वे मध्य पूर्व पर कब्ज़ा करके शासन करना चाहते थे। हज़ारों वर्षों में यह पहली बार है कि ईरान अपने पड़ोसी मध्य पूर्वी देशों से हारा है। ईरान अब मध्य पूर्व का दादा नहीं रहा, बल्कि मध्य पूर्व का हारा हुआ है, और कई दशकों तक ऐसा ही रहेगा जब तक कि वह आत्मसमर्पण नहीं कर देता या, ज़्यादा संभावना है, पूरी तरह से ध्वस्त नहीं हो जाता।

### ईरान का जवाब, वे हमारे बिना शर्त सरेंडर के सपनों को कब्र में ले जाएंगे

ईरान ने यूएस-अमेरिका की संयुक्त कार्रवाई के बाद पलटवार करते हुए अपने पड़ोसी देशों पर ताबड़तोड़ हमले किए थे, इस एक्शन को लेकर वहां के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने शनिवार को माफी मांग ली है, साथ ही अमेरिका की तरफ से की गई सरेंडर की मांग को मानने से इनकार करते हुए ठुकराया है। उन्होंने कहा है कि वे हमारे बिना शर्त आत्म समर्पण के सपने को कब्र में ले जाएंगे।

*रूस से तेल खरीदने को लेकर ट्रंप की छूट पर भारत ने दिया जवाब*

## हमें किसी की इजाजत की कोई जरूरत नहीं

ईरान पर यूएस-इजराइल पर हमले के बाद स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते पर तनाव बना हुआ है और दुनिया में तेल को लेकर गंभीर चिंता देखी जा रही है। इस बीच अमेरिका ने भारत को रूस से तेल खरीदने की बात कही, जिसके बाद से राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई। इस मामले पर अब सरकार ने प्रतिक्रिया दी है। केंद्र सरकार ने शनिवार को साफ कहा है कि भारत को जहां से भी सस्ता तेल मिलेगा वहीं से खरीदेगा। सरकार ने यह भी कहा कि रुकावटों के बावजूद भारत की एनर्जी सप्लाई सुरक्षित बनी हुई है। भारत ने अपने कच्चे तेल के सोर्स को 27 से 40 देशों तक अलग-अलग कर दिया है, जिससे कई दूसरे सप्लाई रूट पक्के हो गए हैं। देश के हित में भारत उन जगहों से तेल खरीदता है जहां सबसे अच्छे और सस्ते रेट मिलते हैं। केंद्र ने कहा कि भारत ने रूसी तेल खरीदने के लिए कभी किसी देश की इजाजत पर निर्भर नहीं रहा है। भारत फरवरी 2026 में भी रूस से तेल इंपोर्ट कर रहा है और रूस अभी भी भारत का सबसे बड़ा क्रूड ऑयल सप्लायर है। रूस-यूक्रेन युद्ध के तीन साल तक भारत यूएस और ईयू के एतराज के बावजूद रूस से तेल खरीदता रहा। 2022 के बाद डिस्काउंटेड कीमतों और रिफाइनरी की डिमांड की वजह से इंपोर्ट में काफी बढ़ोतरी हुई। केंद्र के अनुसार, भारत के पास रिजर्व और सप्लाई चेन में 250 मिलियन बैरल से ज्यादा कच्चा तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्ट हैं। यह सात या आठ हफ्ते की खपत के बराबर बफर देता है।

**केपी ओली को 50,000 वोटों से हराया**

# बालेन की ऐतिहासिक जीत संभालेंगे नेपाल की कमान



एजेंसी ▸▸ काठमांडू

नेपाल में आम चुनाव की मतगणना जारी है। 165 सीटों पर शुरुआती रुझान आ चुके हैं। रैपर और काठमांडू के मेयर रहे बालेन शाह ने पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली को 50 हजार वोटों से हरा दिया है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के बालेन शाह और ओली झापा-5 सीट से चुनाव लड़ रहे थे। यहां बालेन शाह को 68,348 वोट मिले, जबकि केपी शर्मा ओली को 18,734 वोट मिले। ओली को भारत विरोधी नेता माना जाता है। उन्होंने झापा-5 सीट से 2017 और 2022 का चुनाव जीता था। बालेन शाह की आरएसपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। आरएसपी ने अब तक 62 सीटें जीत ली हैं, जबकि 60 सीटों पर आगे चल रही है। यह पार्टी सिर्फ 4 साल पहले एक पत्रकार रहे रबि लामिछाने ने बनाई थी। पिछले साल सितंबर में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद 5 मार्च को हुए चुनाव में 58% लोगों ने वोट डाले। वोटों की गिनती पूरी होने में 3 से 4 दिन लगने की उम्मीद है। 9 मार्च तक काउंटिंग पूरी करने की कोशिश की जाएगी।

» *आरएसपी ने 165 में से 62 सीटें जीतीं, 60 पर आगे*

» *सफल चुनाव कराने पर पीएम की नेपाल को बधाई*

### शाह रैपर, गीतकार और म्यूजिक प्रोड्यूसर

काठमांडू के नारादेवी में जन्मे बालेन शाह मधेशी परिवार से आते हैं। उनके पिता स्वर्गीय राम नारायण शाह प्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक थे। 2015 के गोरखा भूकंप के बाद शाह राहत कार्यों में भी सक्रिय रहे थे। वे एक रैपर, गीतकार और म्यूजिक प्रोड्यूसर भी हैं। उन्होंने 2012 में अपने संगीत करियर की शुरुआत की थी।

### नई सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे



पीएम नरेंद्र मोदी ने नेपाल में सफल रहे चुनाव के बाद नेपाल की जनता व सरकार को बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मैं नेपाल के लोगों और सरकार को चुनाव के सफल आयोजन पर दिल से बधाई देता हूं। हम नई सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे।

◂ तोड़ी परंपरा ममता भी नहीं आई अगवानी के लिए

## प. बंगाल में कार्यक्रम का स्थल बदलने से राष्ट्रपति मुर्मू नाराज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को उस समय कड़ी नाराजगी जताई जब ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार ने उस कार्यक्रम का स्थल बदल दिया, जिसमें उन्हें शामिल होना था। इंटरनेशनल संथाल काउंसिल को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि कोई नहीं चाहता कि संथाल एकजुट हों, प्रगति करें, शिक्षित हों कोई नहीं चाहता कि संथाल मजबूत बनें। लेकिन मैं जानती हूं कि संथालों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। बाद में राष्ट्रपति उस स्थान पर भी पहुंचीं जहां मूल रूप से बैठक आयोजित होनी थी और लोगों को संबाधित किया।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर ममता सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल सरकार ने सारी सीमाएं लांघ दी हैं।**

### ममता के न आने का उल्लेख किया


राष्ट्रपति ने कहा कि अंतिम समय में स्थल बदलने से उन्हें बहुत दुख हुआ। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनसे मिलने नहीं आईं, जो स्थापित परंपरा के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि समुदाय के कई महान नेताओं के नाम इतिहास में जानबूझकर शामिल नहीं किए गए।

**भाजपा का ममता पर हमला**

भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, जब कोई राज्य सरकार भारत के राष्ट्रपति के पद की गरिमा की अनदेखी करने लगती है, तो यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं बल्कि संवैधानिक मर्यादा और शासन व्यवस्था के टूटने को दर्शाता है।

**सिरसा में वारदात**

## दूसरा बॉयफ्रेंड बनाने पर प्रेमिका का गला काटा



■ पति से अलग रह रही थी महिला

**डबवाली (हरिभूमि न्यूज)।** सिरसा के डबवाली में एक महिला की हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान सुमन पत्नी राजू के रूप में हुई है। सुमन अपने पति से अलग 11 वर्षीय बेटे के साथ किराए पर रह रही थी। डीएसपी कपिल अहलावत ने बताया कि शादी के बाद महिला के 2 बॉयफ्रेंड थे। जब आरोपी विक्रम को उसके दूसरे बॉयफ्रेंड के बारे में पता चला तो वह सुमन के घर पहुंचा। घर में उसका बेटा था, जिसे विक्रम ने 100 रुपये देकर बाहर भेज दिया। वहां दोनों के बीच काफी देर तक कहासुनी हुई। गुस्से में विक्रम ने तेजधार हथियार से सुमन की गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने विक्रम को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने बताया कि सुमन उसके साथ रिलेशनशिप थी।

**गूगल सीईओ का नया पैकेज**

## पिचाई का 3 साल के लिए 6,300 करोड़ वेतन तय



■ दुनियाभर में सबसे ज्यादा वेतन

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई को अगले तीन साल में अपनी कंपनी से भारी-भरकम 'वेतन' मिलने वाला है। अल्फाबेट के मालिकाना हक वाली गूगल ने सुंदर पिचाई का कुल संभावित मुआवजा यानी कम्पनसेशन अगले तीन साल के लिए बढ़ाकर 692 मिलियन डॉलर कर दिया है जो करीब 6300 करोड़ रुपये बैठता है। हालांकि इस 'वेतन' को पाने के लिए पिचाई को अपने लक्ष्य पूरे करने होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि गूगल ने पहली बार पिचाई के लिए 350 मिलियन डॉलर के नए स्टॉक इंसेंटिव्स का ऐलान किया है। ये कंपनी के ऑटोनॉमस प्रोजेक्ट्स की ग्रोथ से जुड़े हैं। पिचाई की लीडरशिप में गूगल लगातार आगे बढ़ रही है। वह साल 2015 में गूगल के सीईओ बनाए गए थे।

**टी-20 वर्ल्डकप** | अभिषेक और सूर्या पर टिकीं सबकी निगाहें

# अहमदाबाद में भारत-न्यूजीलैंड में खिताबी भिड़ंत आज सात बजे से

**अहमदाबाद (भाषा)।** लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के फाइनल में इतिहास रचने की उम्मीदों का बोझ होगा, भले ही सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम का पलड़ा भारी माना जा रहा है, लेकिन दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियमों में से एक नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में भारत को 19 नवंबर 2023 को बड़ा झटका लगा था जब वह ऑस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप का फाइनल हार गया था। अब खेल के सबसे छोटे प्रारूप की भारतीय टीम सूर्यकुमार की कप्तानी में खिताब का बचाव करने और इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को तीन बार जीतने वाली पहली टीम बनने की कोशिश करेगी। एक कुशल बल्लेबाज और चतुर कप्तान सूर्यकुमार न केवल कप्तान के रूप में अपनी खुद की विरासत बनाने के लिए उत्सुक होंगे, बल्कि वह 19 नवंबर 2023 की पीड़ा को भी खत्म करना चाहेंगे।





अहमदाबाद में तीसरे टी-20 खिताब पर होंगी भारत की नजरें

न्यूजीलैंड भी पहले खिताब की तलाश में

अभिषेक और सूर्या पर होंगी सबकी नजरें

### दोनों ही टीमें अहमदाबाद में एक-एक मैच हार चुकीं

टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी को 20 टीमों के बीच शुरू हुआ। 5 मार्च तक 2 फाइनलिस्ट टीमें मिल गईं, जिनके बीच 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। न्यूजीलैंड ने कोलकाता और भारत ने मुंबई में सेमीफाइनल जीता। दोनों ही टीमें अहमदाबाद में 1-1 मैच साउथ अफ्रीका से हार चुकी हैं, अब इसी मैदान पर टाइटल की दावेदारी पेश करेंगी। भारत 2007 और 2024 में चैंपियन बन चुका है, वहीं कीवी टीम 2021 के बाद अब फाइनल में पहुंची है। (खेल पेज भी देखें)



## खबर संक्षेप

### सिरसा: खेतों में मिले पाकिस्तान के गुब्बारे, पुलिस ने लिए कब्जे में

**सिरसा।** जिला के गांव धोलपालिया में शनिवार को खेतों में पाकिस्तान के लाहौर स्थित एक कॉलेज के नाम वाले गुब्बारे मिले। इन गुब्बारों पर कॉलेज के एक फंक्शन का नाम लिखा हुआ था। इस घटना से ग्रामीणों में कौतूहल पैदा हो गया। खेतों में पाकिस्तान के गुब्बारे देखकर किसानों ने तत्काल स्थानीय प्रशासन और पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी प्रगट सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने गुब्बारों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। थाना प्रभारी प्रगट सिंह ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। गुब्बारे पर लिखे विवरण के आधार पर आगे की जानकारी जुटाई जा रही है।

### बुलेट पटाखा बाइक का 33,500 का चालान



**खरखौदा।** पुलिस आयुक्त ममता सिंह के निर्देशानुसार व पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक नरेंद्र कादयान के मार्गदर्शन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खरखौदा ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज उप निरीक्षक राजेश कुमार की टीम द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए पटाखा (मॉडिफाइड साइलेंसर) वाली बुलेट बाइक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। वाहन की जांच करने पर मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया। जिस पर तैंतीस हजार पांच सौ रुपये का चालान किया गया तथा नियमों की अवहेलना करने के कारण मोटरसाइकिल को इम्पाउंड भी किया गया। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि अपने वाहनों में किसी प्रकार का अवैध मॉडिफिकेशन न कराएं नियम का पालन करें।

## वायुसेना की टुकड़ी ने हवा में फायर कर शहीद को दिया गार्ड ऑफ ऑनर

# स्क्वाड्रन लीडर अनुज का राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार, पैतृक गांव ककराना में छोटे भाई ने दी मुखाग्नि

## 'जब तक सूरज चांद रहेगा, अनुज तेरा नाम रहेगा' के नारे गूंजे

**असम में सुखोई विमान दुर्घटना में शहीद हो गए थे स्क्वाड्रन लीडर अनुज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





**रोहतक।** शहीद स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ को हवा में फायर कर गार्ड ऑफ ऑनर देती वायुसेना की टुकड़ी एवं श्रद्धांजलि देते मंत्री अरविंद शर्मा।

असम के कार्बी आंगलोंग में हुई सुखोई (एसयू-30 एमकेआई) विमान दुर्घटना में शहीद हुए स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ का शनिवार को उनके पैतृक गांव ककराना में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अनुज के छोटे भाई ने मुखाग्नि दी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर 'जब तक सूरज चांद रहेगा, अनुज तेरा नाम रहेगा' के नारे गूंजते रहे। प्रदेश सरकार की ओर से सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने शहीद स्क्वाड्रन लीडर अनुज वशिष्ठ के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। अपने श्रद्धांजलि संदेश में उन्होंने कहा कि शहीद अनुज वशिष्ठ की कमी न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे देश को हमेशा महसूस होगी। जिला प्रशासन की ओर से रोहतक के एसडीएम आशीष कुमार ने भी पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद को श्रद्धांजलि दी।

### गणमान्य मौजूद रहे


शहीद के अंतिम संस्कार में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, विधायक शकुंतला खटक, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, रेनू डाबला, कर्नल राजेंद्र सुहाग, चेयरमैन हरीश कौशिक, प्रवीण कौशिक, अजय खुंडिया, सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग के डब्ल्यू ओ नरेश कुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 4.5 किग्रा अफीम के पौधे बरामद, आरोपी गिरफ्तार

# फूलों की बगीची या अफीम की खेती

*भारत में अफीम (पोस्ता) की खेती नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट 1985 (एनडीपीएस एक्ट) की निगरानी में की जाती है। इस कानून के अनुसार अफीम की खेती केवल सरकार की अनुमति से ही की जा सकती है। घर में या खेत में एक पौधा भी लगाने पर एफआईआर हो सकती है और दंड का प्रावधान है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



पुलिस ने जिला के गांव भावदीन में घर के आंगन में की जा रही अफीम की खेती पकड़ी है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर साढ़े चार किलोग्राफ अफीम के हरे पौधे भी बरामद किए हैं। सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव भावदीन निवासी रवि कुमार के रूप में हुई है। एसपी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव भावदीन क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि गांव भावदीन निवासी रवि कुमार ने अपने घर के आंगन में अफीम के पौधे लगा रखे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई की और बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस टीम आरोपी के घर पहुंची और घर की छानबीन की तो आंगन में अफीम के हरे पौधे लगे हुए दिखाई दिए। पुलिस ने मौके से रवि कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के घर के आंगन की तलाशी ली जहां अफीम के कई हरे पौधे लगे हुए मिले। पुलिस ने पौधों को उखाड़कर अपने कब्जे में ले लिया। आरोपी के खिलाफ थाना डिंग में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### घर या खेत में एक पौधा भी लगाना प्रतिबंधित

एनडीपीएस एक्ट में बिना लाइसेंस खेती करना अवैध है और इसके लिए कठोर दंड का प्रावधान है। अफीम की खेती के लिए किसान को हर वर्ष केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो से लाइसेंस लेना पड़ता है। लाइसेंस उन्हीं किसानों को दिया जाता है जो निर्धारित शर्तों को पूरा करते हैं, जैसे भूमि का सत्यापन, पूर्व में तय न्यूनतम उत्पादन और नियमों का पालन। खेती के लिए सरकार द्वारा निर्धारित क्षेत्र, बीज और उत्पादन प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य होता है। किसान को पूरी उपज सरकार को ही जमा करानी होती है। लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करता है तो एनडीपीएस एक्ट के तहत 10 से 20 वर्ष तक की सजा और भारी जुर्माना लगाया जा सकता है।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की कैद

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिफा की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा अदालत ने दोषी को एक लाख 20 हजार जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के तहत गांव की एक महिला ने 15 मार्च 20225 को एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव के ही साहिल ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। सदर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर साहिल के खिलाफ दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। कोर्ट ने शनिवार को फैसला सुनाया है।

# फतेहाबाद: घर में सो रही पत्नी की गर्दन काट कर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/भूना



**भूना।** जांडली खुर्द गांव में घटना स्थल पर जांच करती पुलिस टीम।

जांडली खुर्द गांव में शनिवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक नशे के आदी व्यक्ति ने चारपाई पर सो रही अपनी पत्नी पर तेजधार कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी। जब बच्चे स्कूल से लौटे तो उन्होंने घर में अपनी मां को लहूलुहान हालत में बेसुध पड़ा देखा और चीख पड़े। बच्चों का शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही भूना थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। मृतका की पहचान जांडली खुर्द गांव की रहने वाली सुदेश (35) के रूप में हुई है। उसका पति सुखविंद्र सिंह मजदूरी करता है और नशे का आदी है।

### आरोपी की तलाश की जा रही

महिला की हत्या उसके पति सुखविंदर सिंह द्वारा किए जाने की सूचना मिली है। आरोपी घटना के बाद से फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम की मदद से मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। **-ओमप्रकाश बिश्नोई, थाना प्रभारी**

# जींद: युवक को कजाकिस्तान में बनाया बंधक, मांगी फिरौती

- कनाडा भेजने का दिया था झांसा, छोड़ने की एवज में मांगी राशि, तीन लोगों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

युवक को कनाडा भेजने का झांसा देकर कजाकिस्तान में बंधक बना टॉर्चर करने तथा रुपयों की डिमांड करने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, फिरौती मांगने, इमीग्रेशन एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ढाठरथ निवासी सतपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बेटे हेमराज ने इंस्टाग्राम पर विदेश भेजने की एड देखी थी। जिसका पता शाहकोट जालंधर के साथ मोबाइल नंबर दिया हुआ था। कॉल करने पर मनप्रीत से बात हुई। जिसने अपने साथी जश्न से बात करवाई। जिसके बाद गत एक मार्च को मनप्रीत ने हेमराज के ऑनलाइन दस्तावेज मंगवा लिए। उसी शाम उसके बेटे को दिल्ली एयरपोर्ट पर बुला लिया और साथ में 500 डॉलर लाने को कहा। जिसके बाद आरोपितों ने उसके बेटे को जहाज से रवाना कर दिया। उसके साथ अन्य युवक भी था। उन्होंने हेमराज के साथ मुसीबत में फंसने पर कोडवर्ड बनाया हुआ था। आरोपित घरोंडा (करनाल) निवासी निखिल के घर पैमेंट लेने पहुंचे। उन्होंने अपने बच्चों से वीडियो कॉल कर बात करवाने के लिया कहा।

### नकल के दो केस दर्ज, एक केन्द्र अधीक्षक परीक्षा ड्यूटी से रिलीव

**भिवानी।** प्रदेशभर में सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) ऐच्छिक एवं डीएलएड (रि-अपीयर) विषय की परीक्षाएं नकल-रहित, सुव्यवस्थित व शान्तिपूर्वक संचालित हुई। अनुचित साधन प्रयोग के कुल 2 मामले दर्ज किए गए, जिसमें 1 केस प्रतिरूपण के शामिल हैं तथा 1 केन्द्र अधीक्षक को ड्यूटी में कौताही बरतने पर कार्यभार मुक्त किया गया। आज ऐच्छिक एवं डीएलएड (रि-अपीयर) विषय की परीक्षा में 219023 परीक्षार्थी /छात्र-अध्यापक प्रविष्ट हुए। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि परीक्षा की पवित्रता भंग होने के कारण परीक्षा केन्द्र रावमावि, लडरावन (झज्जर) पर 6 मार्च को संचालित हुई इतिहास व जीव विज्ञान विषय की परीक्षा को रद्द कर दिया गया है तथा केन्द्र पर नियुक्त समस्त स्टाफ को भी तुरन्त प्रभाव से कार्यभार मुक्त कर दिया गया है। परीक्षा केन्द्र रावमावि, लडरावन(झज्जर) को सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा के लिए नए परीक्षा केन्द्र राकवमावि, बहादुरगढ़-7(बी-02) पर शिफ्ट कर दिया गया है।

### एपीके फाइल भेजकर 8,74,500 रुपये की ठगी, गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** एपीके फाइल भेजकर 8,74,500 रुपये की ठगी करने के एक मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने कुन्दन पटेल निवासी उलैटा कॉलोनी नूंह हरियाणा को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार सेक्टर 88 फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी के साथ एक साइबर फ्रॉड हुआ था।

### तीन वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की एक बाइक व एक स्कूटी बरामद

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की टीम ने अलग-अलग मामलों में 3 वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी की एक मोटरसाइकिल व 1 स्कूटी बरामद की हैं। अपराध शाखा एवीटीएस-1 की टीम ने थाना आदर्श नगर में दर्ज एक स्कूटी चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी शिवम निवासी शास्त्री कालोनी ओल्ड फरीदाबाद को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया किया है।

ऊपर वाले से मिला वरदान
मेरे पास है हर समाधान
करो प्रेमिका / पति मुट्ठी में
जो व्यक्ति वास्तव में परेशान है, वो ही फोन करें।
गुरू कबीर जी रजि.
की जुबान पत्थर की लकीर है।
आपकी हर समस्या का समाधान
जैसे:- शादी, कारोबार, पढ़ाई में रुकावट, सास बहु, मिया बीवी में अनबन, सौतन, दुश्मन नाश, ग्रह क्लेश, बेटा / बेटी / पति - पत्नी किसी के वश में कहना न मानता हो, पशु, फसल में नुकसान, कोर्ट-कचहरी मुकदमा जैसी सभी समस्याओं का गारन्टीड समाधान। पांच मिनट में समाधान
एक फोन करो समाधान पाओ
9711428545
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मनचाहा प्यार

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# ट्रक में लगी आग, ड्राइवर जिंदा जला

**पेड़ से टकराकर केबिन में फंसा, हाइड्रा से निकाला शव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



शुक्रवार रात बहलोलपुर गांव के पास पेड़ से टकराकर ट्रक में आग लग गई। इसमें ट्रक ड्राइवर जिंदा ही जल गया। आग से ट्रक का केबिन पूरी तरह से जल गया। बाद में पुलिस ने 2 हाइड्रा बुलाकर केबिन को तोड़कर शव को बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान शाहाबाद के हबाना गांव के 57 साल के नासिर उर्फ बबला के रूप में हुई। नासिर ट्रक ड्राइवर थे और यमुनानगर के जठलाना की ट्रांसपोर्ट पर काम करते थे। घटना रात करीब 12 बजे की है। नासिर कल रात अपने घर से ट्रक लेकर ट्रांसपोर्ट पर जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक, नासिर अपने एक साथी राजेश कुमार के साथ शाहाबाद से निकला था। दोनों अपने-अपने ट्रक लेकर यमुनानगर के लिए चले थे। रास्ते में नासिर एक ढाबे पर रुक गया और खाना खाने लगा। उसने राजेश को भी खाने के लिए रोकने की कोशिश की, लेकिन राजेश अपना ट्रक लेकर निकल गया। नासिर बहलोलपुर गांव के पास पहुंचा तो उसका ट्रक बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गया। टक्कर लगते ही ट्रक का डीजल टैंक लीक हो गया और पेड़ से टकराने के कारण आग पकड़ ली। इस दौरान नासिर ट्रक के केबिन में फंस गया और उसी में जलकर खाक हो गया।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि SSSPMSHRI GSSS सदलपुर खंड आदमपुर (हिसार) में चार कंडम कमरों की निलामी दिनांक 11-03-2026 (बुधवार) को सुबह दस बजे स्कूल प्रांगण में की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता को दस हजार रु० सिक्युरिटी की राशि जमा करवानी होगी। जिस बोली दाता के पक्ष में बोली छोड़ी जाएगी उसे धरोहर राशि को छोड़कर कुल निलामी राशि का 25% भाग मौके पर ही जमा करवाना होगा जबकि शेष 75% राशि सात दिन के अन्दर-अन्दर देनी होगी। नीलामी से सम्बंधित मूल्य एवं अन्य शर्तें व नियम मौके पर ही बता दिए जाएंगे। बोली वाले दिन केवल बोलीदाता को ही स्कूल प्रांगण में प्रवेश की अनुमति होगी।

Sd/-Principal
S.S.S. P.M. SHRI
G.S.S.S. SADALPUR
(1472) HISAR

### फर्जी मान्यता दिखाकर चला रहा स्कूल, संचालक गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सेक्टर-9ए थाना पुलिस ने छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले स्कूल चेयरमैन को गिरफ्तार किया है। आरोपी सीबीएसई की फर्जी मान्यता दिखाकर स्कूल चला रहा था। इस संबंध में पुलिस ने चेयरमैन व प्रिंसिपल समेत चार लोगों के खिलाफ गत 18 फरवरी को धोखाधड़ी की धाराओं मे केस दर्ज किया था। पुलिस को दी शिकायत में एक अभिभावक ने आरोप लगाया था कि उसकी बेटी एजुकेरस्ट इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-9बी में कक्षा दसवीं की छात्रा है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ईऑक्शन के माध्यम -से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| Sn | Lot No. | Description | Auction Start Date Time |
|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-UMB-NLDM-OH-347-26-1 | साइट प्लान के अनुसार नंगल डैम (NLDM) रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल / होर्डिंग के माध्यम से विज्ञापन के लिए कुल दो (02) साइटें हैं जिनका कुल क्षेत्रफल 870 वर्ग फुट है। | 12.03.2026 12.00.00 hrs |

-नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जायें।
776/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष:** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन:** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह:** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या:** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ:** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6158




**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

### शब्द पहेली -6157 का हल





## खबर संक्षेप

### केरल विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज



**कोच्चि।** चुनाव आयोग ने केरल विधानसभा चुनाव 2026 की तैयारियों को लेकर शनिवार को कोच्चि में एक अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुकबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। आयोग ने पहली बार वोट देने जा रहे युवाओं और समाज के प्रेरणादायक लोगों को सम्मानित भी किया।

### ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड पर मिलेगा 25 हजार रु.



**नई दिल्ली।** डिजिटल दौर में बढ़ते वित्तीय जोखिमों को देखते हुए आरबीआई ने गाइडलाइन जारी की है। अब अगर कोई ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार होता है, तो उसे अपनी पूरी जमा पूंजी खोने का डर नहीं रहेगा। आरबीआई ने ग्राहकों की जिम्मेदारी कम करने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब ग्राहक ऐसे धोखाधड़ी मामलों में ज्यादा प्रभावित नहीं होंगे और उनकी पूंजी सुरक्षित रहेगी। अगर कोई ग्राहक ऑनलाइन ठगी का शिकार हो जाता है और उसे 50 हजार रुपए तक का नुकसान होता है, तो उसे 85 फीसदी तक मुआवजा मिल सकता है।

## पीएम मोदी ने कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का किया शिलान्यास

# आधुनिक एयरपोर्ट बनने से क्षेत्रीय विकास को मिलेगी दिशा, यात्रा होगी सुगम,व्यापार बढ़ेगा

### शिलान्यास समारोह को वर्चुअली संबोधित किया

एजेंसी ▶▶ कोटा

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के शिलान्यास समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि शनिवार का दिन कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ सहित पूरे हड़ौती क्षेत्र के लिए एक नई आशा और नई उपलब्धि का दिन है। पीएम मोदी ने कहा कि करीब डेढ़ हजार करोड़ रकी लागत से बनने जा रहा ये आधुनिक एयरपोर्ट आने वाले समय में पूरे क्षेत्र के विकास को नई गति देने वाला है। मैं लोगों को एयरपोर्ट के शिलान्यास पर बहुत शुभकामनाएं देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे याद है कि नवंबर 2023 में जब मैं कोटा आया था, तब मैंने जनता से एक वादा किया था। मैंने कहा था कि कोटा का एयरपोर्ट सिर्फ एक सपना बनकर नहीं रहेगा, बल्कि उसे साकार करके दिखाया जाएगा। आज मुझे प्रसन्नता है कि एयरपोर्ट के निर्माण का काम शुरू होने जा रहा है। अब तक कोटा के लोगों को जयपुर या जोधपुर जाकर फ्लाइट पकड़नी पड़ती थी। इसमें काफी समय भी लगता था और असुविधा भी होती थी।

**कोटा एयरपोर्ट के निर्माण का काम शुरू**

कोटा और हाड़ौती की ये धरती उद्यम और आस्था का केंद्र बनी



कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी

#### कोटा ऊर्जा का भी एक बड़ा केंद्र

पीएम मोदी ने कहा कि कोटा केवल शिक्षा का ही नहीं, बल्कि ऊर्जा का भी एक बड़ा केंद्र है। कोटा वह अनूठा क्षेत्र है, जहां न्यूक्लियर हो, कोयला आधारित हो, गैस और पानी हो, ऊर्जा के सभी स्त्रोतों से बिजली का उत्पादन होता है। कोटा और हाड़ौती की ये धरती उद्यम और आस्था का भी बड़ा केंद्र है। यहां श्री मथुराधीश जी की पावन पीठ, केशवराय पाटन के तीर्थ, खड़े गणेश जी महाराज और गोदावरी बालाजी धाम के दर्शन के लिए आते रहते हैं।

#### कृषि आधारित उद्योग के लिए ये बड़ा केंद्र होगा

पीएम मोदी ने कहा कि अब दिल्ली, वड़ोदरा और मुंबई जैसे बड़े शहरों की दूरी महज कुछ घंटों की रह गई है। बेहतर सड़क और रेल कनेक्टिविटी के कारण यहां नए उद्योग स्थापित हो रहे हैं। विशेष रूप से कृषि आधारित उद्योग के लिए ये क्षेत्र एक बड़ा केंद्र बनेगा। रेल और सड़क के बाद हवाई कनेक्टिविटी के ये नया अध्याय कोटा के विकास को और गति देगा। कोटा एयरपोर्ट पूरे हाड़ौती क्षेत्र और आसपास के जिलों के लिए प्रगति के नए अवसर लेकर आएगा।

## बिरला शानदार सांसद, अहंकारी उत्पाती छात्रों को ठीक करेंगे

### अविश्वास प्रस्ताव पर बोले पीएम मोदी



सोमवार को स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा से पहले पीएम मोदी ने ओम बिरला की कार्यशैली और व्यक्तित्व पर गहरा विश्वास जताया है। उनकी सराहना करते हुए कहा कि बिरला शानदार सांसद हैं। बेहतरीन लोकसभा अध्यक्ष भी साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि बिरला का समर्पण पूरी तरह से संविधान के प्रति है और वे संसदीय प्रणालियों के संचालन में अटूट निष्ठा रखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कभी-कभी कुछ बड़े घरानों के अहंकारी, उत्पाती अगर कोई छात्र आ भी जाते हैं, वो अपना हुड़दंग करने की आदत तो छोड़ते नहीं हैं, तो भी वो सदन के मुखिया की तरह सबको संभालते हैं. किसी को भी अपमानित नहीं करते हैं।

#### अच्छे मुखिया की तरह बर्ताव कर रहे

पीएम मोदी ने स्पीकर ओम बिरला की तारीफ की है। वहीं पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- ओम बिरला जितने शानदार सांसद हैं, उतने ही बेहतरीन लोकसभा अध्यक्ष भी हैं।



### दिल्ली को आज देंगे 33,500 करोड़ की सौगात

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को जल्द ही विकास की बड़ी सौगात मिलने वाली है। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को दिल्ली में लगभग 33,500 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को तैयारियों की समीक्षा करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रधानमंत्री कई अहम परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे, जिनका उद्देश्य राजधानी की बुनियादी सुविधाओं और कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाना है। इन परियोजनाओं में दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर भी शामिल हैं। पहला कॉरिडोर पिंक लाइन पर मजलिस पार्क, मौजपुर और बाबरपुर के बीच विकसित किया गया है।

## उत्तराखंड में शाह ने फिर दोहराया

# केदारनाथ से कन्याकुमारी तक घुसपैठियों को चुनकर हटाएंगे

39 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया



सीएम धामी ने गृहमंत्री शाह का स्वागत किया

एजेंसी ▶▶ हरिद्वार

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड में 1129.91 करोड़ की 39 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान 2027 में होने वाले चुनाव का अभी ही बिगुल फूंक दिया है। शाह ने हरिद्वार में जनता से आवाहन किया कि वह तीसरी बार उत्तराखंड में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएं। उत्तराखंड की आवाज इतनी जोर की होनी चाहिए कि वो दिल्ली तक सुनाई दे। शाह ने धामी सरकार के 4 साल के कामों की प्रदर्शनी देखी। शाह ने उत्तराखंड में पिछले 9 सालों से भाजपा सरकार के कामों की जमकर तारीफ की और कांग्रेस पर तुष्टिकरण-भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। लोगों से तीसरी बार सरकार के लिए संकल्प लिया।

#### राहुल को हर जगह नकारात्मकता दिखाई दे रही

शाह ने कहा कि मतदाता सूची शुद्ध न हो, उस देश का लोकतंत्र कभी सलामत नहीं रह सकता है। राहुल गांधी को जितना विरोध करना है, उतना कर लें। वे एसआईआर का भी विरोध करते हैं। उन्हें हर चीज में नकारात्मकता दिखाई देती है। शाह ने विधानसभा चुनाव में पार्टी की बंपर जीत का ऐलान भी किया। उन्होंने कहा कि बंगाल और तमिलनाडु में भाजपा-एनडीए की सरकार बनेगी।

## आईटी पेशेवरों से कांग्रेस नेता की बात

# चीन की औद्योगिक ताकत ज्यादा, प्रणाली बेजोड़, लेकिन अलोकतांत्रिक : राहुल

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि चीन ने दुनिया में एक बेहतरीन और बेजोड़ औद्योगिक प्रणाली बनाई है। पड़ोसी देश की व्यवस्था दबाव डालने वाली और अलोकतांत्रिक है। यह बात उन्होंने तिरुवनंतपुरम में आईटी पेशेवरों से बातचीत के दौरान कही। राहुल टेक्नोपार्क में आईटी क्षेत्र से जुड़े लोगों से संवाद कर रहे थे। इस दौरान सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि चीन ने औद्योगिक उत्पादन के क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। अमेरिका, भारत और दुनिया के कई देश केवल खपत ही कर रहे हैं। असली रोजगार औद्योगिक उत्पादन के क्षेत्र में होता है, न केवल खपत में। भारत ने चीन को औद्योगिक उत्पादन के क्षेत्र पर पूरी तरह कब्जा करने दिया।

# नीतीश को जनादेश मिला, नए सीएम की चर्चा बेकार

**पटना।** 25 से 30 फिर से नीतीश'- नारे के बाद बिहार चुनाव में जीत के 3 महीने के दरमियान जिस तरह से नीतीश कुमार ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन भरा, उससे चर्चा है कि भाजपा ने उनके साथ खेला कर दिया। अब भाजपा के साथ भी खेला होने के आसार सामने आए हैं।

- पहली बार जेडीयू ने दिया खुलकर जवाब, बोले-कुशवाहा



पहली बार जेडीयू के किसी जिम्मेदार पदाधिकारी ने खुलकर कहा है कि अभी मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली नहीं हुई है तो नए सीएम के नाम की चर्चा का सवाल ही बेकार है। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने नए सीएम के चेहरे पर कहा-जब हमारे नेता ने इस्तीफा ही नहीं दिया तो यह सवाल ही बेकार है और बेमतलब का है।

#### अमित शाह ने सम्राट को दिल्ली बुलाया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को दिल्ली बुलाया है। बिहार में नए मुख्यमंत्री को लेकर चल रहीं चर्चाओं के बीच सियासी हलचल तेज है।

### नीतीश दे रहे निशांत को बागडोर

जेडीयू विधानमंडल की बैठक में दोनों सदनों के सभी विधायक, सांसद सब शामिल हुए। नीतीश कुमार ने सबको अपने फैसले से अवगत कराया। यह भी बताया कि अब उनका फैसला नहीं बदलेगा। मौजूद सभी नेताओं ने नीतीश कुमार से अपना फैसला बदलने का आग्रह किया मगर उन्होंने मना कर दिया।



यह भी तय हुआ कि निशांत कुमार जदयू की सदस्यता लेंगे और पार्टी के नेतृत्व के लिए उनको तैयार किया जाएगा।



# महिला दिवस : थोड़ा है, ज्यादा की जरूरत है

## प्रमुख चेहरे

भारत में महिलाओं ने विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज महिलाएं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अन्य प्रमुख वैज्ञानिक निकायों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। भारत में व्यवसाय का परिदृश्य उन महिलाओं द्वारा तेजी से बदल रहा है जो लगभग 20% एमएसएमई और करीब 18% स्टार्टअप्स का नेतृत्व कर रही हैं। इन महिलाओं ने डीप-साइंस बायोटेक्नोलॉजी से लेकर डिजिटल-फर्स्ट ब्यूटी और फिनटेक जैसे कई क्षेत्रों में बड़ा बदलाव किया है।



**कल्पना चावला**
अंतरिक्ष में जाने वाली पहली भारतीय मूल की महिला, जिन्होंने 1997 और 2003 में नासा के अंतरिक्ष यान कोलंबिया में उड़ान भरी थी।



**कल्पना सरोज**
(कमानी ट्यूब्स) भारत की पहली महिला उद्यमियों में गिनी जाती हैं और उन्हें ओरिजिनल स्लमडॉग मिलियनेयर कहा जाता है।



**किरन मजूमदार शॉ**
1978 में सिर्फ 10,000 रुपये से एक गैरेज में बायोकॉन की स्थापना की। छोटे औद्योगिक एंजाइम व्यवसाय को वैश्विक बायोफार्मास्यूटिकल कंपनी में बदल दिया।



**रोशनी नाडर**
(एचसीएलटेक): 2020 में सूचीबद्ध भारतीय आईटी कंपनी की अध्यक्ष बनने वाली पहली महिला। 2024 तक 13.3 अरब डॉलर वार्षिक राजस्व वाली वैश्विक टेक कंपनी का नेतृत्व।



**रितु करिधल श्रीवास्तव**
इन्हें अक्सर रॉकेट वुमन ऑफ इंडिया कहा जाता है। उन्होंने मंगलयान के लिए उप-संचालन निदेशक और चंद्रयान-2 के लिए मिशन निदेशक के रूप में कार्य किया।



**असीमा चटर्जी**
भारतीय विश्वविद्यालय (1944) से डॉक्टर ऑफ साइंस प्राप्त करने वाली पहली महिला व कार्बनिक रसायन विज्ञान की अग्रणी वैज्ञानिक। उन्हें मलेरिया व मिर्गी रोधी दवाओं के विकास के लिए जाना जाता है।

## भारत में महिलाओं ने अनेक क्षेत्रों में प्रगति की है, इसके बावजूद उनके सामने अनेक चुनौतियां भी हैं

### 1 हिंसा और सुरक्षा संबंधी चिंताएं

सुरक्षा एक बड़ी समस्या बनी हुई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं के खिलाफ अपराधों में लगातार वृद्धि देखी गई है। घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और सार्वजनिक स्थानों पर छेड़छाड़ जैसे मामले इनमें प्रमुख हैं। हिंसा के डर से महिलाओं की आवाजाही प्रतिबंधित होती है, जिससे उनकी शिक्षा और करियर के विकल्प प्रभावित होते हैं।

### 2 आर्थिक और कार्यस्थल की बाधाएं

आर्थिक भागीदारी के मामले में भारतीय महिलाएं अब भी पीछे हैं। भारत में महिला श्रम बल भागीदारी दर (एफएलएफपीआर) वैश्विक औसत की तुलना में काफी कम है। साथ ही महिलाएं दोहरा बोझ उठाती हैं। महिलाओं से उम्मीद की जाती है कि वे घर के काम और बच्चों की देखभाल भी संभालें, जिससे उन पर काम का दबाव बहुत बढ़ जाता है। वेतन में असमानता साफ दिखती है। समान काम के लिए महिलाओं को अक्सर पुरुषों की तुलना में कम वेतन मिलता है। हालांकि महिला श्रम बल भागीदारी दर (एफएलएफपीआर) में हाल के वर्षों में सुधार हुआ है, लेकिन इसका बड़ा हिस्सा ग्रामीण और स्व-रोजगार क्षेत्रों से आता है।

**कुल भागीदारी :** 2023-24 में यह बढ़कर 41.7% हो गई (जो 2017-18 में 23.3% थी)।
ग्रामीण बनाम शहरी : ग्रामीण क्षेत्रों में भागीदारी (47.6%) शहरी केंद्रों (25.4%) की तुलना में काफी अधिक है।
**क्षेत्रवार दबदबा:** कृषि: यह सबसे बड़ा नियोक्ता है, जहां 62.9% महिला श्रमिक कार्यरत हैं।
**स्व-रोजगार:** यह बढ़कर 67.4% हो गया है, जिसमें अक्सर बिना वेतन वाले पारिवारिक सहायक शामिल होते हैं।
**नेतृत्व:** कंपनियों के बोर्ड में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 18.3% है।

### 3 सामाजिक-सांस्कृतिक चुनौतियां

पितृसत्तात्मक सोच आज भी महिलाओं की प्रगति में बाधा है। समाज में आज भी बेटों की चाहत के कारण लिंगानुपात में असंतुलन और कन्या भ्रूण हत्या जैसी समस्याएं मौजूद हैं। कानूनन अपराध होने के बावजूद, कई ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह और दहेज प्रथा आज भी जारी है।

### 4 राजनीतिक प्रतिनिधित्व की कमी

निर्णय लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं की उपस्थिति कम है। लोकसभा में महिलाओं की संख्या अभी भी केवल 14-15% के आसपास है। उच्च और सर्वोच्च न्यायालय में महिला न्यायाधीशों की संख्या बहुत कम है। पंचायती राज में आरक्षण के कारण जमीनी स्तर पर महिलाओं की भागीदारी मजबूत है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर यह वैश्विक औसत से कम है।

**लोकसभा:** 2024 के चुनावों में 74 महिलाएं चुनी गईं, जो सदन का 13.6% है।
राज्यसभा: महिलाओं के पास लगभग 13% से 17% सीटें हैं।
**विधानसभाएं:** महिला विधायकों का राष्ट्रीय औसत केवल 9% है।
स्थानीय शासन: पंचायतों में 14.5 लाख से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि हैं, जो कुल प्रतिनिधियों का लगभग 46% है।

## विज्ञान



**टेसी थॉमस:** मिसाइल वुमन ऑफ इंडिया के रूप में जानी जाने वाली व रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) में मिसाइल परियोजना (अग्नि-IV) का नेतृत्व करने वाली पहली महिला वैज्ञानिक थीं।



**जानकी अम्माल:** एक प्रसिद्ध वनस्पतिशास्त्री और पद्म श्री (1977) प्राप्त करने वाली पहली भारतीय वैज्ञानिक; उन्होंने आनुवंशिकी और विकासवाद में बड़ा योगदान दिया।



**अन्ना मणि:** एक भौतिक विज्ञानी और मौसम विज्ञानी, जो नोबेल पुरस्कार विजेता सी.वी. रमन के साथ काम करने वाली एकमात्र महिला थीं। उन्होंने सौर विकिरण और ओजोन माप में अग्रणी कार्य किया।



**कमला सोहोनी:** वैज्ञानिक विषय में पीएचडी प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला, उन्होंने एंजाइम 'साइटोक्रोम सी' की खोज की थी। नीरा (ताड़ के अर्क) के पोषण संबंधी लाभों पर शोध के लिए उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



**एन. कलैसेल्वी:** 2022 में वह वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की पहली महिला महानिदेशक बनीं। उन्होंने 125 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और उनके नाम 6 पेटेंट हैं।

## अग्रणी बिजनेस लीडर्स



**फाल्गुनी नायर (नायका)**
एक पूर्व निवेश बैंकर, जिन्होंने 2012 में 50 वर्ष की उम्र में नायका की स्थापना की। 13 अरब डॉलर का साम्राज्य खड़ा किया जिसने भारत में ब्यूटी ई-कॉमर्स को बदल दिया। 2021 में कंपनी के आईपीओ के बाद वह भारत की सबसे धनी स्वयं-निर्मित महिला अरबपतियों में शामिल हो गईं।



**गजल अलघ (मामाअर्थ)**
2016 में टॉक्सिन-फ्री ब्यूटी ब्रांड मामाअर्थ की सह-संस्थापक। 2022 तक कंपनी को 1 अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाला यूनिकॉर्न बनाया। भारत के सबसे तेजी से बढ़ते डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (डी2सी) पर्सनल केयर ब्रांड्स में से एक स्थापित किया।



**विनीता सिंह (सुगर कॉस्मेटिक्स)**
23 साल की उम्र में 1 करोड़ रुपये की नौकरी का प्रस्ताव ठुकराकर 2015 में सुगर कॉस्मेटिक्स शुरू किया। आज यह ब्रांड 4,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्यांकन के साथ वैश्विक ब्यूटी कंपनियों को टक्कर दे रहा है। समावेशी और बोल्ड उत्पादों के साथ आधुनिक भारतीय ब्यूटी मानकों को नया रूप दिया।



**उपासना टाकू (मोबीक्विक)**
2009 में डिजिटल पेमेंट कंपनी मोबीक्विक की सह-संस्थापक। अरबों रुपये के लेनदेन संभालने वाला विश्वसनीय फिनटेक प्लेटफॉर्म विकसित किया। खासकर छोटे शहरों में लाखों लोगों के लिए डिजिटल भुगतान को आसान बनाया।

## अंतरिक्ष अन्वेषण



**मुथैया वनिता:** इसरो की पहली महिला परियोजना निदेशक, जिन्होंने चंद्रयान-2 चंद्र मिशन का नेतृत्व किया। एक इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम इंजीनियर के रूप में, उन्होंने 30 से अधिक वर्षों तक इसरो में डेटा हैंडलिंग और हार्डवेयर विकास में काम किया है।



**निगार शाजी:** 2023 में लॉन्च किए गए भारत के पहले सौर मिशन, आदित्य-एल1 की परियोजना निदेशक। उन्होंने इस मिशन के लिए आठ वर्षों तक काम किया है, जिसका उद्देश्य सूर्य का अध्ययन करना है।



**वी.आर. ललितांबिका:** एक वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकियों की विशेषज्ञ, जिन्हें गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम का नेतृत्व करने के लिए नियुक्त किया गया था।



**कल्पना कालाहस्ती:** चंद्रयान-3 की एसोसिएट प्रोजेक्ट डायरेक्टर, जिन्होंने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत की सफल लैंडिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिससे भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला पहला देश बना।



**अनुराधा टी.के.:** इसरो में उपग्रह परियोजना निदेशक बनने वाली पहली महिला, जो संचार उपग्रहों में विशेषज्ञ हैं। 1982 में शामिल होने वाली सबसे वरिष्ठ महिला वैज्ञानिकों में से एक।

### 5 स्वास्थ्य-शिक्षा में अंतर

भारत में 15-49 वर्ष की लगभग 60% महिलाएं एनीमिया (खून की कमी) से पीड़ित हैं। पुरुषों की तुलना में बहुत कम महिलाओं के पास इंटरनेट या स्मार्टफोन तक पहुंच है, जो उन्हें डिजिटल अर्थव्यवस्था से दूर रखता है। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी में एक विरोधाभास दिखता है। उनका शिक्षा में नामांकन तो ऐतिहासिक स्तर पर है, लेकिन पेशेवर व राजनीतिक क्षेत्र में संख्या अभी भी कम है।

**स्टेम (विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग, गणित) :** भारत में स्टेम स्नातकों की दर दुनिया में सबसे अधिक है, लेकिन नौकरी में बने रहना एक चुनौती है। स्टेम स्नातकों में महिलाओं की संख्या 43% है, जो दुनिया में अग्रणी आंकड़ों में से एक है। लेकिन, वास्तविक स्टेम वर्कफोर्स में केवल 27% ही महिलाएं हैं। अनुसंधान और विकास की गतिविधियों में महिलाओं की 18.6% महिलाएं शामिल हैं।

**तकनीकी नेतृत्व :** महिलाएं 40% की दर से टेक क्षेत्र में प्रवेश करती हैं, लेकिन वरिष्ठ प्रबंधक स्तर तक पहुंचते-पहुंचते यह संख्या 18.1% रह जाती है।

**उच्च शिक्षा:** 2021-22 में उच्च शिक्षा में महिलाओं का नामांकन 2.07 करोड़ तक पहुंच गया, जो कुल नामांकन का लगभग 50% है।

## राज्यों में महिलाओं की भागीदारी

राज्यों में महिलाओं की भागीदारी के प्रदर्शन में एक स्पष्ट क्षेत्रीय विभाजन दिखाई देता है। सामान्यतः दक्षिण भारत और छोटे उत्तर-पूर्वी राज्य आगे हैं, जबकि कई उत्तरी और पूर्वी राज्यों में अभी भी उल्लेखनीय अंतर देखने को मिलता है।

### ☐ महिला साक्षरता दर (राज्य-वार 2025-26)

राष्ट्रीय स्तर पर महिला साक्षरता दर लगभग 65.46% है। हालांकि, शीर्ष और निचले प्रदर्शन वाले राज्यों के बीच बड़ा अंतर है।

**सबसे अधिक साक्षरता**
मिजोरम : 97% से 98.2% (2025 में भारत का पहला पूर्ण साक्षर राज्य माना गया)।
केरल: 94% से 96.2%।
हिमाचल प्रदेश : लगभग 91.9% से 99.3%।
त्रिपुरा: लगभग 92.9%।

**सबसे कम साक्षरता**
राजस्थान : 65.8%।
बिहार: 66.1% से 74.3%।
आंध्र प्रदेश : 72.6%।

### ☐ महिला श्रमबल भागीदारी दर

**सबसे अधिक**
सिक्किम: 66.8%
अरुणाचल प्रदेश: 62.4%
हिमाचल प्रदेश: 62.3%।
छत्तीसगढ़: 58.1%।

**सबसे कम :** दिल्ली: 18.3% (दिल्ली के शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी दर दुनिया में सबसे कम दरों में से एक है)। हरियाणा: 23.6%, पंजाब: 28.9%, उत्तर प्रदेश: 29.6%।

### ☐ लैंगिक समानता और समावेशन रैंकिंग (2025-26)

**कामकाजी महिलाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ शहर :** बेंगलुरु ने 2025 में औद्योगिक समावेशन के मामले में पहला स्थान बरकरार रखा, इसके बाद चेन्नई, पुणे और हैदराबाद हैं।

**समान वेतन :** नियमित वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए महिला-पुरुष वेतन अनुपात लगभग 1:1 होने के कारण दिल्ली इस श्रेणी में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला क्षेत्र है, भले ही कुल भागीदारी कम हो।

**सामाजिक समावेशन :** सुरक्षा, सार्वजनिक सेवाओं और महिलाओं की आवाजाही जैसे सामाजिक संकेतकों में चेन्नई अग्रणी है।

भारत में महिलाओं ने विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज महिलाएं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अन्य प्रमुख वैज्ञानिक निकायों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं।

# 'आधी आबादी' को मिलना चाहिए उसका पूरा हक



समानता
अर्चना कुमारी
स्वतंत्र पत्रकार

भारत में महिलाएं देश की आबादी का लगभग आधा हिस्सा हैं। यूं तो यह आधी आबादी कभी शोषण तो कभी अत्याचार के मामलों को लेकर अक्सर चर्चा में रहती है। हालांकि जब भी हम महिलाओं की समानता की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि किसी भी वर्ग में समानता के लिए सबसे पहले अवसरों की समानता का होना बेहद ज़रूरी है। यह भी किसी से छिपा नहीं है कि देश में आधी आबादी राजनीति में अभी भी हाशिये पर है। ये स्थिति तब है, जबकि जितनी भी महिलाओं को राजनीति के निचले पायदान से ऊपरी पायदान तक जितना भी और जब भी मौका मिला, उन्होंने अपनी योग्यता और क्षमताओं का लोहा मनवाया है। ऐसे में यह सवाल भी उठना स्वाभाविक है कि आजादी के 75 सालों में लैंगिक समानता की दिशा में हासिल की गई उपलब्धियां आखिर गिनती की ही क्यों रह गई हैं? आखिर सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में लैंगिक असमानता क्यों बरकरार है? वह भी तब, जब हम इस वर्ग को 'आधी आबादी' का संबोधन देते हैं। यह बात सही है कि स्त्री शक्ति ने देश-दुनिया में समय-समय पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। लेकिन महिलाओं को कमतर होने का अहसास दिलाने की पुरुष वर्ग की मानसिकता आज भी स्त्रियों को उनके हकों से वंचित कर रही है। नारी सशक्तीकरण की बातें कागजी योजनाओं में काफी अच्छी लगती हैं पर धरातल पर अभी काफी कुछ होना बाकी है। खास तौर से आधी आबादी को लोकतांत्रिक व्यवस्था में बराबरी का हक देने को लेकर। यह विडम्बना ही है कि विधायिकाओं में 50 फीसदी नहीं, बल्कि महज 33 फीसदी आरक्षण की सालों से चल रही मांग आज तक अधूरी ही है। पंचायत और स्थानीय निकाय स्तर पर आरक्षण से महिलाओं को मौका जरूर मिला लेकिन यहां भी कितना सशक्तीकरण नारी शक्ति का हो पाया है यह किसी से छिपा नहीं है। शिक्षित, आर्थिक रूप से स्वावलंबी, ऊंचे पदों पर बैठी महिलाओं के विपरीत लैंगिक भेदभाव की उस तस्वीर को भी देखना होगा जहां महिलाओं को यह तक पता नहीं कि कानून ने किन-किन क्षेत्रों में उनको कितना संरक्षित कर रखा है।वहीं संसद में भी पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत कम है। वर्ष 2024 के संसदीय चुनावों के बाद महिला सांसदों का प्रतिनिधित्व मात्र 14 प्रतिशत ही है - इसीलिए उनके दायित्व और प्रतिनिधित्व का भार, निर्वाचित पुरुष सांसदों से कहीं अधिक हैं। भारत की मौजूदा जनसंख्या के अनुसार, लोकसभा में एक निर्वाचित सांसद औसतन 26 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, वहीं एक निर्वाचित महिला सांसद औसतन 92 लाख महिलाओं का प्रतिनिधित्व करतीं हैं। ऐसे में निर्वाचित महिला सांसदों का राजनैतिक दायित्व भी कहीं अधिक है। जाहिर है महिला अधिकारों और महिलाओं के राजनैतिक प्रतिनिधित्व के राजनैतिक दावों और उसकी वास्तविकता के मध्य एक गहरा राजनैतिक विरोधाभास और राजनैतिक दलों का दोगलापन है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि डॉ. आंबेडकर महिलाओं की उन्नति के प्रबल पक्षधर थे। उनका मानना था कि किसी भी समाज का मूल्यांकन इस बात से किया जाता है कि उसमें महिलाओं की क्या स्थिति है? दुनिया की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है, इसलिए जब तक उनका समुचित विकास नहीं होता कोई भी देश चहुंमुखी विकास नहीं कर सकता। डॉ. आंबेडकर का मानना था कि सही मायने में प्रजातंत्र तब आएगा जब महिलाओं को पैतृक संपत्ति में बराबरी का हिस्सा मिलेगा और उन्हें पुरुषों के समान अधिकार दिए जाएंगे। उनका दृढ़ विश्वास कि महिलाओं की उन्नति तभी संभव होगी जब उन्हें घर परिवार और समाज में बराबरी का दर्जा मिलेगा। शिक्षा और आर्थिक तरक्की उन्हें सामाजिक बराबरी दिलाने में मदद करेगी। लेकिन ये सच है कि पितृसत्तात्मक मानदंडों और परम्परागत मानसिकता के चलते ऐतिहासिक रूप से भारत में महिलाओं को हाशिए पर रखा गया। आजादी के बाद भारत के संविधान ने ये व्यवस्था दी कि राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में पुरुषों एवं महिलाओं के साथ समान व्यवहार किया जाएगा, लेकिन भारत में अधिकांश राज्य विधानसभाओं में महिला सदस्यों के प्रतिनिधित्व का परिदृश्य आज भी निराशाजनक है। वास्तव में भारत की आधी आबादी का एक बहुत बड़ा भाग अभी भी अपने मूलभूत अधिकारों से वंचित है।

> *आजादी के 75 सालों में लैंगिक समानता की दिशा में हासिल की गई उपलब्धियां आखिर गिनती की ही क्यों रह गई हैं? आखिर सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में लैंगिक असमानता क्यों बरकरार है?*

# नारी : सदियों से संघर्ष और आज भी चुनौती बरकरार



अराजकता
मुनीष भाटिया
स्वतंत्र पत्रकार

ईमानव सभ्यता के लंबे इतिहास पर दृष्टि डालें तो एक कटु सत्य बार-बार सामने आता है कि नारी को अनेक बार समाज और युद्ध की राजनीति में एक कमजोर कड़ी मान लिया गया। शत्रु देशों और दुष्ट प्रवृत्तियों ने अक्सर नारी की अस्मिता पर आघात को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। इतिहास के अनेक पन्नों में यह दर्दनाक सच्चाई दर्ज है कि युद्ध केवल रणभूमि तक सीमित नहीं रहे, बल्कि उनका सबसे क्रूर प्रभाव स्त्रियों के जीवन पर भी पड़ा।

कभी शत्रु सेनाओं के हाथों, तो कभी सामाजिक परिस्थितियों के कारण नारी को अपमान और शोषण का सामना करना पड़ा। स्त्रियों को अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए असाधारण साहस दिखाना पड़ा। जब आक्रमणकारियों की क्रूरता अपनी सीमा पार कर जाती थी, तब भारत की वीरांगनाओं ने जौहर जैसे कठोर और दर्दनाक निर्णय भी लिए। यह केवल एक घटना नहीं थी, बल्कि उस समय की सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों की भयावहता का प्रतीक थी। जौहर के पीछे एक ही भावना थी—अपनी गरिमा और सम्मान की रक्षा। दरअसल, युद्ध की मानसिकता में अक्सर यह सोच काम करती रही कि यदि किसी समाज की महिलाओं को अपमानित किया जाए तो उस समाज की आत्मा को चोट पहुंचाई जा सकती है। इसी कारण कई बार नारी को विजय के प्रतीक के रूप में देखा गया और उसे लूट का हिस्सा बना दिया गया। यह प्रवृत्ति मानवता के लिए एक कलंक रही है, जिसने सभ्यता की प्रगति पर भी प्रश्नचिह्न लगाए हैं। समय के साथ समाज में परिवर्तन आया, शिक्षा का प्रसार हुआ और महिलाओं की स्थिति भी काफी हद तक मजबूत हुई। आज महिला शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, प्रशासन, खेल और सेना जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। वे केवल घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सक्रिय भागीदार बन चुकी हैं। इसके बावजूद कुछ चुनौतियां ऐसी हैं जो नए रूप में सामने आती रहती हैं। आज के युग में युद्ध का स्वरूप बदल गया है। पहले युद्ध तलवारों और सेनाओं से लड़े जाते थे, लेकिन आज कई बार यह युद्ध मानसिक और भावनात्मक स्तर पर लड़े जा



> **जब तक समाज की सोच में परिवर्तन नहीं आएगा, तब तक महिलाओं के प्रति वास्तविक समानता और सुरक्षा की भावना स्थापित नहीं हो सकेगी।**

रहे हैं। आधुनिक समय में भी नारी को कमजोर समझ कर उसे भावनात्मक जाल में फंसाने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। कई बार झूठे प्रेम, छल या किसी छिपी हुई मंशा के माध्यम से महिलाओं को भ्रमित किया जाता है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के विस्तार के साथ ऐसे मामलों में और भी जटिलता आ गई है। दुखद तथ्य यह है कि इस प्रकार के छलावे का शिकार केवल अशिक्षित महिलाएं ही नहीं, बल्कि कई बार पढ़ी-लिखी और जागरूक महिलाएं भी हो जाती हैं। इसका कारण केवल भावनात्मक संवेदनशीलता नहीं, बल्कि समाज में बढ़ती कृत्रिमता और विश्वास की कमी भी है। जब कोई व्यक्ति झूठे प्रेम या सहानुभूति का जाल बुनता है, तो कई बार सच्चाई को पहचानना कठिन हो जाता है। इस स्थिति से निपटने के लिए केवल कानून ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि सामाजिक जागरूकता भी अत्यंत आवश्यक है। परिवार और समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि महिलाओं को न केवल शिक्षा मिले, बल्कि उन्हें जीवन के व्यावहारिक पहलुओं के बारे में भी जागरूक किया जाए। आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और विवेक की भावना ही उन्हें ऐसे छलावे से बचा सकती है। समाज में छिपे उन भेड़ियों को पहचानना भी जरूरी है जो सभ्यता और संवेदनशीलता का मुखौटा पहनकर अपने स्वार्थ सिद्ध करने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सामाजिक स्तर पर स्पष्ट और दृढ़ संदेश देना होगा कि महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। नारी को केवल भावुकता का प्रतीक मानना भी एक बड़ी भूल है।

भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है। वह केवल स्नेह और करुणा की प्रतिमूर्ति नहीं, बल्कि साहस, धैर्य और संघर्ष की भी मिसाल है। इतिहास में रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं से लेकर आधुनिक समय की अनेक सफल महिलाओं तक, नारी ने हर क्षेत्र में अपनी क्षमता सिद्ध की है, इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि नारी को कमजोर समझने की मानसिकता को पूरी तरह बदला जाए। समाज को यह समझना होगा कि नारी केवल संरक्षण की पात्र नहीं, बल्कि समान अधिकार और सम्मान की अधिकारी है। जब तक समाज की सोच में परिवर्तन नहीं आएगा, तब तक वास्तविक समानता और सुरक्षा की भावना स्थापित नहीं हो सकेगी। साथ ही महिलाओं को भी आत्मनिर्भर और आत्म सजग बनने की आवश्यकता है।

# महिला किसान: अनदेखी ना रहे अन्नपूर्णा की भागीदारी



सशक्तीकरण
डॉ. मोनिका शर्मा
स्वतंत्र स्तंभकार

दुनियाभर में स्त्रियों के लिए सम्मान, समानता और सुरक्षा से जुड़े विषयों पर जन-जागरूकता लाने का विशेष दिन है। आधी आबादी की बेहतरी हेतु सजगता लाने और भेदभाव को लेकर सवाल उठाने का परिवेश बनाना इस वैश्विक आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। हालांकि हर देश, हर समाज में महिलाओं की समस्याएं अलग होती हैं पर बीते कुछ वर्षों में दुनिया के हर हिस्से में ही स्त्रियों की भागीदारी को समझने और लैंगिक समानता लाने का भाव बढ़ा है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में देखें तो स्त्रियों की आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक भागीदारी को आँकने की सोच को बहुत बल मिला है। कामकाजी और शिक्षित स्त्रियों के बढ़ते आंकड़े आधी आबादी की बढ़ती भूमिका को स्पष्ट रूप से रेखांकित करते हैं। महिला दिवस पर विज्ञान से लेकर तकनीक और समाज से लेकर सैन्य बलों तक, अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाती स्त्रियों के प्रेरणादायी चेहरे सामने आते हैं। वर्कफोर्स का हिस्सा बनी इन महिलाओं की समस्याओं पर चिंतन किया जाता है। उनकी उपलब्धियों की चर्चा होती है। भविष्य से जुड़े सकारात्मक बदलावों का धरातल बनाने को लेकर सोचा जाता है।

विचारणीय है कि महानगरों में बड़े आयोजनों तक सिमट जाने वाले महिला दिवस से जुड़े विमर्श में महिला किसान आज भी नदारद हैं। पर्यावरण संरक्षण से लेकर अन्न उपजाने और पशुधन को पालने तक, अनगिनत कामों में लगीं स्त्रियों की यह श्रमशील भूमिका आज भी वैचारिक बहसों का हिस्सा नहीं बन सकी है। जबकि कृषि क्षेत्र से सबसे ज्यादा महिलाएं ही जुड़ी हैं। कृषि कार्यों जैसे बुवाई, कटाई, निराई, खेत की सफ़ाई, कटाई, सिंचाई, उपज की सफ़ाई और भंडारण जैसे काम अधिकतर महिला किसान ही करती हैं। 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार खेती-किसानी में पुरुषों की भागीदारी 36.3 प्रतिशत और महिलाओं की हिस्सेदारी करीब 64.4 प्रतिशत थी । खेती से जुड़े अन्य कार्यों को भी जोड़ लिया जाए तो पशु पालन, मधुमक्खी पालन, मछली पालन, वर्मीकम्पोस्ट, उत्पादन, मशरूम की खेती और फल-सब्जी प्रसंस्करण जैसे कार्यों में 73 फीसदी से अधिक योगदान महिलाओं का ही है। स्पष्ट है कि हमारे देश में



> **पर्यावरण संरक्षण से लेकर अन्न उपजाने और पशुधन को पालने तक, के कामों में लगीं स्त्रियों की यह श्रमशील भूमिका आज भी वैचारिक बहसों का हिस्सा नहीं बन सकी है।**

कृषि क्षेत्र बहुत हद तक स्त्रियों के श्रम पर ही निर्भर है। बावजूद इसके अन्नपूर्णा कही जाने वाली महिला किसानों को अस्थायी श्रमिक मानकर अनदेखा किया जाता है। आज भी खेती-किसानी में महिला श्रमिकों को पुरुष कामगारों समान वेतन नहीं मिलता। घर की खेती संभालने वाली महिलाओं के काम का तो कोई मौद्रिक मूल्यांकन ही नहीं होता।

इतना ही नहीं, खेती-किसानी से जुड़ीं ग्रामीण महिलाओं में केवल 13 प्रतिशत के पास अपनी भूमि का स्वामित्व है। गौरतलब है कि कुछ समय पहले अंतरराष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संगठन, जेंडर इम्पैक्ट प्लेटफॉर्म और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित वैश्विक सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी कृषि से जुड़ी महिलाओं के योगदान पर बात करते हुए उनके पीछे छूट जाने का विषय उठा चुकी हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा था कि महिलाओं को कृषि ढांचे के 'पिरामिड' में सबसे नीचे रखा जाता है ।

चिंतनीय है कि बात चाहे भूमि स्वामित्व की हो या स्वास्थ्य समस्याओं की। सुरक्षा की हो या सम्मान की, अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले कृषि क्षेत्र में लगीं महिला कृषकों से जुड़े विषय विचार-विमर्श का विषय नहीं हैं। विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के आंकड़ों में भी महिला कृषकों का जिक्र कम ही होता है। सुखद है कि अब खुद महिला किसान स्वयं सहायता समूहों और सहकारी समितियों के माध्यम से संगठित एवं जागरुक हो रही हैं। जैविक खेती, तकनीकी का उपयोग या उत्पादकता बढ़ाने वाले नवाचार, महिला किसानों को सजग-सशक्त बना रहे हैं। ज्ञात हो कि संयुक्त राष्ट्र ने भी वर्ष 2026 को महिला किसान के अंतरराष्ट्रीय वर्ष के रूप में नामित किया है।

इसका उद्देश्य भी उत्पादन से लेकर व्यापार तक कृषि-खाद्य प्रणालियों में महिलाओं की भूमिका और हासिल किए जा रहे उन लक्ष्यों को सामने लाना है, जिन्हें आमतौर पर मान्यता नहीं मिलती। असल में महिला किसानों की हिस्सेदारी को मान दिए बिना उनका सशक्तीकरण संभव नहीं। उनकी भागीदारी को आंके बिना सामाजिक-पारिवारिक उलझनों और लैंगिक भेदभाव के दंश को नहीं समझना मुश्किल है। उनके श्रम को मान्यता दिए बिना मानसिक-भावनात्मक अनुभूतियों का विमर्श का हिस्सा बनना कठिन है।स्पष्ट है कि कृषि क्षेत्र का प्रमुख कार्यबल बनी इन स्त्रियों को सशक्त बनाने के प्रयास भी आवश्यक हैं।

# पिंक बॉल टेस्ट: ऑस्ट्रेलिया ने की अपनी पकड़ मजबूत, दूसरी पारी में भारत ने गंवाए 6 विकेट

**पर्थ।** भारत के खिलाफ वाका ग्राउंड पर जारी इकलौते डे-नाइट टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। टीम इंडिया दूसरे दिन की समाप्ति तक 6 विकेट खोकर सिर्फ 105 रन ही बना सकी है। फिलहाल मेजबान ऑस्ट्रेलिया के पास पहली पारी के आधार पर 20 रन की लीड शेष है।

### पहली पारी में टीम इंडिया नहीं बना पाई बड़ा स्कोर

टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय टीम पहली पारी में सिर्फ 198 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से इस पारी में जेमिमा रोड्रिगेज ने 84 गेंदों में 7 चौकों की मदद से 52 रन की पारी खेली, जबकि शेफाली वर्मा ने 35 रन और काश्वी गौतम ने नाबाद 34 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से एनाबेल सदरलैंड ने सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए, जबकि लूसी हैमिल्टन ने 3 विकेट निकाले। 2 विकेट डार्सी ब्राउन के हाथ लगे। 1 विकेट एश्ले गार्डनर ने अपने नाम किया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 323 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर 125 रन की शानदार बढ़त हासिल कर ली। कप्तान एलिस पेरी ने एनाबेल सदरलैंड के साथ चौथे विकेट के लिए 128 रन की साझेदारी की, जिसके बाद सदरलैंड ने बेथ मूनी के साथ पांचवें विकेट के लिए 54 रन जुटाए। एलिस पेरी 11 बाउंड्री के साथ 76 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि बेथ मूनी ने 19 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। सदरलैंड ने 171 गेंदों में 17 चौकों के साथ 129 रन बनाकर टीम को शानदार बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। भारत की तरफ से सायली सतघरे ने सर्वाधिक 4 विकेट निकाले। क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा ने 2-2 विकेट हासिल किए। स्नेह राणा और शेफाली वर्मा ने 1-1 विकेट निकाला।



### दूसरी पारी में भी नहीं चला स्मृति का बल्ला

इसके बाद टीम इंडिया ने दूसरे दिन की समाप्ति तक अपनी दूसरी पारी में 29 ओवरों का सामना किया, जिसमें 6 विकेट गंवाकर महज 105 रन बनाए हैं। भारत को 2 रन पर स्मृति मंधाना (2) के रूप में बड़ा झटका लगा। इसके बाद 10 के स्कोर पर शेफाली वर्मा (5) का विकेट भी गिर गया। यहां से प्रतीका रावल ने जेमिमा रोड्रिगेज (14) के साथ 28 रन, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर (11) के साथ 26 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की। इसके अलावा, स्नेह राणा के साथ सातवें विकेट के लिए 23 रन की अटूट साझेदारी की। प्रतीका दूसरे दिन की समाप्ति तक 43 रन बनाए। 84 गेंदों की इस पारी में उनके बल्ले से 6 चौके निकले हैं, जबकि स्नेह राणा 2 चौकों के साथ 14 रन बना चुकी हैं। विपक्षी खेमे से लूसी हैमिल्टन ने 3 विकेट हासिल कर लिए हैं, जबकि सदरलैंड 2 विकेट ले चुकी हैं। 1 विकेट डार्सी ब्राउन ने प्राप्त किया है।

### अनाबेल ने शतक लगाकर रचा इतिहास

ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड टेस्ट में लगातार तीन पारियों में शतक बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गईं। उन्होंने पर्थ में भारत के खिलाफ पिंक बॉल टेस्ट मैच के दूसरे दिन 129 रन की पारी खेली। अपना सातवां टेस्ट मैच खेल रही सदरलैंड ने 17 चौकों की मदद से अपना चौथा टेस्ट शतक बनाया। उन्होंने 171 गेंद पर 129 रन बना लीं। इससे ऑस्ट्रेलिया को मैच में बड़ी बढ़त बनाने में मदद मिली। यह सदरलैंड की टेस्ट क्रिकेट में लगातार तीसरा शतक है और पिछले पांच टेस्ट में उनका चौथा सैकड़ा है। सदरलैंड टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की महिला खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली आठवीं खिलाड़ी हैं। उन्होंने 89 के शानदार औसत से रन बनाए हैं। वह अपने करियर में चार बार 50 रन का आंकड़ा पार किया है और हर बारे उशे शतक में बदला है। टेस्ट क्रिकेट में उनका बेस्ट स्कोर 210 है, जो उन्होंने 2024 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ इसी मैदान पर बनाया था।

## खबर संक्षेप




### फिट इंडिया का अंतरराष्ट्रीय महिला कार्निवल शुरू

**नई दिल्ली।** फिट इंडिया मूवमेंट ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्निवल शुरू किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को मनाया जाता है। इस कार्यक्रम की थीम 'मजबूत महिलाएं, मजबूत राष्ट्र' है। इसमें सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और दिल्ली पुलिस जैसे भारत के सशस्त्र बलों और सुरक्षा सेवाओं से जुड़ी 500 से अधिक महिलाएं भाग ले रही हैं। इसमें फिटनेस गतिविधियों और खेलों के माध्यम से महिलाओं की ताकत, लचीलेपन और नेतृत्वक्षमता को उजागर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत में कई प्रख्यात हस्तियों ने भाग लिया और फिटनेस, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे।

### शीतकालीन पैरालंपिक खेल शुरू, रूसी ध्वज की वापसी

**वेरोना।** मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के तनाव के बीच मिलान कोर्टिना शीतकालीन पैरालिंपिक खेल शुरू हो गए, जिसमें कुछ देशों ने वैश्विक खेल मंच पर रूसी ध्वज की वापसी के कारण उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया। उद्घाटन समारोह में इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले राष्ट्रों की परेड में रूस के ध्वज की वापसी हुई। इससे लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों से पहले रूस की ओलंपिक जगत में पूर्ण वापसी की संभावना बढ़ गई है। परेड के दौरान रूस के खिलाड़ी मंच पर आए तो कुछ दर्शकों ने उनकी हूटिंग की। चमकीले लाल रंग की पोशाक पहने चार खिलाड़ियों ने रूस का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने एरिना डि वेरोना में परेड करते हुए दर्शकों का अभिवादन किया। रूस के 2022 में यूक्रेन पर हुए आक्रमण के बाद पहली बार किसी बड़ी वैश्विक खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर उसका राष्ट्रगान बजाया जा सकता है।



### ऑस्ट्रेलिया वुमेंस क्लासिक प्रणवी 5वें, दीक्षा 14वें स्थान पर

**मजेंटा शोर्स।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स (70) ऑस्ट्रेलिया वुमेंस क्लासिक के तीसरे दौर में 17वें होल पर डबल बोगी करने के बावजूद शीर्ष-पांच में अपनी जगह बनाए रखने में सफल रहीं। प्रणवी ने तीसरे दौर में 70 का कार्ड खेला, जिससे उनका कुल स्कोर आठ अंडर (72-66-70) का है। केल्सी बेनेट (66-68-70) कुल 12-अंडर पार के स्कोर के साथ चौथे चरण से पहले एक शॉट की बढ़त हासिल कर ली है। दीक्षा डागर (69) दूसरे दौर में 73 के निराशाजनक स्कोर से उबरते हुए अपना कुल स्कोर पांच अंडर तक पहुंचाने में सफल रही।



## भारत और कीवी टीम के बीच फाइनल मुकाबला आज शाम 7 बजे से

# इतिहास रचने के लिए टीम इंडिया को पार करनी होगी न्यूजीलैंड की मुश्किल बाधा

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

बेहद प्रतिभाशाली और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले टी20 विश्व कप के फाइनल में इतिहास रचने की उम्मीदों का बोझ होगा, भले ही सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम का पलड़ा भारी माना जा रहा है। दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियमों में से एक नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में भारत को 19 नवंबर 2023 को बड़ा झटका लगा था जब वह ऑस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप का फाइनल हार गया था। तब भारत ने भावुक नम आंखों वाले रोहित शर्मा को ड्रेसिंग रूम की सीढ़ियों पर चढ़ते हुए देखा था। केवल भारतीय टीम ही नहीं बल्कि स्टेडियम में मौजूद 93000 दर्शक भी सन्न रह गए थे। भारत ने हालांकि 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 विश्व कप जीतकर इसकी काफी हद तक भरपाई कर दी थी। अब खेल के सबसे छोटे प्रारुप की भारतीय टीम सूर्यकुमार की कप्तानी में खिताब का बचाव करने और इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को तीन बार जीतने वाली पहली टीम बनने की कोशिश करेगी।





### भारत को टूर्नामेंट में मिला किस्मत का साथ

भारत को अब तक इस टूर्नामेंट में किस्मत का साथ मिला है। अगर वह खिताब जीत जाता है तो उन्हें सराहना मिलेगी लेकिन अगर वह हार जाते हैं तो फिर बहुत बड़ा बवाल मच सकता है। सूर्यकुमार ने पिछले दो वर्षों में टीम का बहुत अच्छी तरह से नेतृत्व किया है, भले ही एक बल्लेबाज के रूप में वह उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतर पाए। रविवार का दिन उनके करियर के लिए निर्णायक क्षण होगा। अगर उनकी टीम खुशगवार मौसम में अच्छा प्रदर्शन करती है तो उनकी सारी नाकामियां पल भर में भुला दी जाएंगी।

### भारत के लिए न्यूजीलैंड की चुनौती आसान नहीं

भारत के लिए न्यूजीलैंड की चुनौती आसान नहीं होगी क्योंकि किसी भी दिन फिन एलन, लॉकी फर्ग्यूसन या मैट हेनरी जैसे खिलाड़ी अपनी क्षमता से कहीं बेहतर प्रदर्शन करना जानते हैं। मिचेल सैंटनर या ग्लेन फिलिप्स जैसे खिलाड़ी जानते हैं कि एक मजबूत टीम के खिलाफ किस तरह से चुनौती का सामना करना होता है। न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ा खतरा 'अहमदाबाद का सरदार' होगा। इस सरदार का नाम जसप्रीत बुमराह है।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर।

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स, डैरिल मिचेल, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, कोल मैककॉन्ची, काइल जैमीसन, जैकब डफी, डेवोन कॉनवे, जिमी नीशम, इश सोढ़ी।

टी20 विश्व कप

## न्यूजीलैंड से मिली टीम इंडिया को दिल तोड़ने की चेतावनी

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद



न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि जब दुनिया युद्ध की विभीषिका झेल रही है तब उनकी टीम रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप में करोड़ों भारतीयों के दिल को तोड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सैंटनर वर्तमान समय के अन्य कप्तानों की तरह जोशीले नहीं हैं और ना ही वह मजाक करते हैं लेकिन उनकी हाजिरजवाबी से दर्शक ठहाके लगा देते हैं।

न्यूजीलैंड पिछले 11 वर्षों में पांच बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है लेकिन उसे दूसरे स्थान से ही संतोष करना पड़ा। सैंटनर ने कहा , 'हम मैदान पर उतरते हैं और एक टीम के रूप में अपना काम करते हैं। इस बार भी इसमें कोई बदलाव नहीं आएगा। निश्चित रूप से यह एक चुनौती होगी, क्योंकि हर कोई जानता है कि हम शायद जीत के प्रबल दावेदार नहीं हैं। हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। ट्रॉफी जीतने के लिए कुछ लोगों का दिल तोड़ने में मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।'

उन्होंने कहा, ' यह कहना आसान है कि यह बस एक और मैच की तरह है लेकिन हर कोई जानता है कि ऐसा नहीं है। इसके लिए आपकी अच्छी रणनीति और तैयारी होनी चाहिए।' सैंटनर ने कहा, 'विशेषकर टी20 क्रिकेट में कुछ ही पलों में पासा पलट जाता है। इन पलों में आप विपक्षी टीम पर दबाव बना सकते हैं या उनका फायदा उठा सकते हैं। मुझे लगता है कि हमने हाल के मैचों में यही देखा।'

### टीम की हर रणनीतिक चर्चा में बुमराह का नाम आना स्वाभाविक

*न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल से पहले जसप्रीत बुमराह जैसी काबिलियत वाले गेंदबाज का नाम उनकी टीम की रणनीतिक चर्चाओं में आना स्वाभाविक है। बुमराह इस टी20 विश्व कप में शानदार फॉर्म में हैं और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ उनके डेथ ओवर के प्रदर्शन को अब तक की यादगार गेंदबाजी में गिना जा रहा है। सैंटनर ने कहा, 'बुमराह, मुझे लगता है कि वह जिस तरह से खेल रहे हैं, उनका नाम हर चर्चा में होना चाहिए। इंग्लैंड के खिलाफ उनकी गेंदों को हिट करना काफी मुश्किल लग रहा था। और निश्चित रूप से वह भारत के लिए 'गेम चेंजर' (मैच का रूख बदलने वाले' थे। ' लेकिन सैंटनर ने साथ ही चेतावनी भी दी कि केवल बुमराह पर ध्यान देना मूर्खतापूर्ण होगा क्योंकि कई भारतीय खिलाड़ी अलग-अलग मैचों में अहम भूमिका निभा चुके हैं।*

## हिमाचल ने पुडुचेरी को सात विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- मुकाबला रोहतक के चौधरी बंसीलाल स्टेडिमय लाहली में खेला गया

महिला अंडर-23 वनडे ट्रॉफी एलीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश ने पुदुचेरी को सात विकेट से हराया। मुकाबला शनिवार को रोहतक के चौधरी बंसीलाल स्टेडिमय लाहली में खेला गया। हिमाचल की अंशिका एस ठाकुर ने नाबाद 51 रन की पारी खेली और अंशिता ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पुदुचेरी की शुरूआत अच्छी नहीं रही। जीरो पर पहला विकेट गंवा दिया। इसके बाद 23 पर दूसरा 52 पर तीसरा और 71 रन पर आधी टीम पवेलियन लौट गई। इसके बाद भी निरंतर अंतराल पर विकेट गिरते गए और पूरी टीम 101 रन पर ऑलआउट हो गई। पुदुचेरी की ओर से ईशा मावी ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। हिमाचल प्रदेश की ओर से अंशिता ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में तीन मेडन और 23 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके अलावा प्रिया व साक्षी ने दो-दो विकेट लिए। इसके जवाब में हिमाचल प्रदेश की भी शुरूआत तो अच्छी नहीं रही और आठ पहला विकेट गंवा दिया। उसके बाद अंशिका ने संभलकर बल्लेबाजी की और हिमाचल प्रदेश ने 23.4 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 102 रन बनाकर सात विकेट से मैच जीता। हिमाचल की ओर से अंशिका ने 64 गेंदों पर सात चौकों की मदद से नाबाद 51 रन बनाए। इसके अलावा धानिया जे लक्ष्मी ने 22 गेंदों पर 24 रन बनाए। पुदुचेरी की ओर से श्री वर्षिणी डी ने दो विकेट लिए।

### भारत-उरुग्वे के बीच क्वालीफायर मैच आज

**हैदराबाद।** अनुभवी कोच शोर्ड मारिन के टीम से जुड़ने के बाद उत्साह से भरी भारतीय टीम एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में जगह बनाने के लक्ष्य के साथ क्वालीफायर में उरुग्वे के खिलाफ रविवार को होने वाले मैच में जीत दर्ज करके अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत करने की कोशिश करेगी। इस टूर्नामेंट में आठ टीमें मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया विश्व कप के तीन स्थानों के लिए अपनी चुनौती पेश करेंगे। इस टूर्नामेंट में विश्व कप के तीन स्थान दांव पर लगे होने का मतलब है कि पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम बेल्जियम और नीदरलैंड में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। इसी दौरान इन दोनों देशों में पुरुष विश्व कप भी खेला जाएगा।

### भारत को एएफसी महिला एशियाई कप में जापान ने 11-0 से रौंदा

**पर्थ।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम को शनिवार को यहां एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) महिला एशियाई कप के ग्रुप सी के अपने दूसरे मुकाबले में पूर्व चैंपियन जापान से 0-11 से करारी हार का सामना करना पड़ा। फीफा महिला विश्व कप के पूर्व चैंपियन और विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज जापान मैच शुरू होने से पहले ही जीत का प्रबल दावेदार था। टीम ने मुकाबले शुरू होते ही अपना दबदबा कायम किया और शुरूआती हाफ में 5-0 की बढ़त बनाकर अपनी जीत लगभग पक्की कर ली। टीम ने दूसरे हाफ में भी छह गोल दागे। जापान ने जिस अंदाज में दबदबा बनाया उससे दोनों टीमों के स्तर में भारी अंतर साफ नजर आया और यह भी दिखा कि शीर्ष स्तर की टीमों से मुकाबला करने के लिए भारत को अभी लंबा सफर तय करना है।

## महिला अंडर-23 वनडे ट्रॉफी: महाराष्ट्र ने हरियाणा को चार विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- पहले बल्लेबाजी करते हुए हरियाणा की शुरुआत बिल्कुल भी अच्छी नहीं रही
- अमनदीप कौर ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके

महिला अंडर-23 वनडे ट्रॉफी एलीट में शनिवार को खेले गए मैच में महाराष्ट्र ने हरियाणा को चार विकेट से हराया। मुकाबला पुदुचेरी में खेला गया। हरियाणा की ओर से तनिष्का शर्मा ने 53 और कोमल ने 48 रन बनाए। महाराष्ट्र की ओर से भाविका ने नाबाद 50 रन बनाए। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए हरियाणा की शुरूआत बिल्कुल भी अच्छी नहीं रही। पिछले मैच शानदार दोहरा शतक लगाने वाली दीया यादव बिना खाता खोले आउट हो गईं। चार पर दूसरा विकेट गंवा दिया। इसके आद तनिष्का और कोमल ने संभलकर बल्लेबाजी की और टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। 106 रन पर तीसरा विकेट गिरने के बाद कोई भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाया और पूरी टीम 168 रन पर ऑलआउट हो गई। हरियाणा की ओर से तनिष्का शर्मा ने 53 और कोमल ने 48 रन बनाए। महाराष्ट्र की ओर से आईएम पठारे ने तीन विकेट लिए। इसके जवाब में महाराष्ट्र की शुरूआत शानदार रही और पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़े। इसके बाद भी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी रहा और 42.2 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाकर चार विकेट से मैच जीता। महाराष्ट्र की ओर से भाविका ने नाबाद 50 रन बनाए। हरियाणा की ओर से अमनदीप कौर ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए।



## रिलायंस फाउंडेशन की पहल को आईओसी की सराहना

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रकाशित लेख में भारत का उदाहरण प्रमुखता से शामिल
- 65 हजार से अधिक भारतीय स्कूलों में पहुंचा ओलंपिक वैल्यूज एजुकेशन प्रोग्राम

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) ने अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित एक विशेष लेख में दुनिया भर में महिलाओं द्वारा ओलंपिक मूल्यों को आगे बढ़ाने के प्रयासों को रेखांकित किया है। इस लेख में भारत में रिलायंस फाउंडेशन के सहयोग से चल रहे कार्यक्रम को प्रमुख उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया गया है। लेख के अनुसार ओलंपिक वैल्यूज एजुकेशन प्रोग्राम के माध्यम से भारत में खेल भावना, सम्मान, निष्पक्षता और टीमवर्क जैसे मूल्यों को बच्चों तक पहुंचाने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। 2024 से अब तक यह कार्यक्रम देश के 65 हजार से अधिक स्कूलों में करीब 1.2 करोड़ बच्चों तक पहुंच चुका है। आईओसी और रिलायंस फाउंडेशन के सहयोग से यह पहल अब ग्रामीण और निम्न आय वर्ग के समुदायों में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों तक भी पहुंची है। देश के 120 आंगनवाड़ी केंद्रों में महिलाओं ने अब तक 1200 से अधिक ओवीपी सत्र आयोजित किए हैं। लेख में मध्य प्रदेश के एक आंगनवाड़ी केंद्र से जुड़ी छात्रा रूचि का उदाहरण देते हुए बताया गया है कि खेल और मूल्यों पर आधारित गतिविधियां बच्चों, खासकर लड़कियों में आत्मविश्वास और सहभागिता को बढ़ाने में मदद कर रही हैं।

### 21 साल के लाई पर 21-16, 18-21, 21-15 से जीत हासिल की

# लक्ष्य लाई को हराकर ऑल इंग्लैंड ओपन के फाइनल में

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने पैर में दर्दनाक छाले और मांसपेशियों में खिंचाव से जूझते हुए शनिवार को यहां कनाडा के विक्टर लाई को हराकर ऑल इंग्लैंड ओपन के पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई। अब वह इस बड़े खिताब के लिए भारत का 25 साल का इंतजार खत्म करने से महज एक जीत दूर हैं। यह मैच लक्ष्य के करियर के सबसे अच्छे मुकाबलों में से एक साबित हुआ। उन्होंने एक घंटे 37 मिनट तक चले संघर्ष में 21 साल के लाई पर 21-16, 18-21, 21-15 से जीत हासिल की जिन्होंने पिछले साल पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। लक्ष्य 2022 चरण में उप विजेता रहे थे जिससे यह उनका दूसरा ऑल इंग्लैंड फाइनल होगा। अल्मोड़ा के 24 साल के खिलाड़ी का सामना अब रविवार को फाइनल में दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से होगा। वह इसमें जीत से इतिहास रचना चाहेंगे। भारत के लिए प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) ही ऐसे खिलाड़ी हैं जो ऑल इंग्लैंड खिताब जीत पाए हैं।



### मैं अपने प्रदर्शन से खुश

लक्ष्य ने मैच के बाद कहा, 'मैं दोनों गेम में अपने प्रदर्शन से खुश हूं। शिफेंग को भी श्रेय जाता है, उन्होंने वाकई शानदार खेल दिखाया। कुछ लंबी रैलियां चली, हम दोनों थक रहे थे, लेकिन लंबी रैलियों के बाद भी जिस तरह से मैं डटा रहा, उससे मैं खुश हूं।' उन्होंने कहा, 'मेरे कोच भी यही कह रहे थे कि लंबी रैलियों के बाद अतिरिक्त तैयारी रखो क्योंकि वह भी थक जाता है, इसलिए गलती करने से बचो।' लक्ष्य ने पहले गेम में आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की और जल्द ही 4-1 की बढ़त हासिल कर ली। उन्होंने आक्रामक और सकारात्मक खेल दिखाते हुए अपनी बढ़त 10-4 तक पहुंचा दी। इंटरवल तक वह 11-6 से आगे थे। इसके बाद हालांकि लक्ष्य को शिफेंग के शक्तिशाली ओवरहेड क्रॉसकोर्ट स्मैश को समझने में थोड़ी देर के लिए संघर्ष करना पड़ा, फिर भी उन्होंने अपना नियंत्रण बनाए रखा और 15-11 से आगे निकल गए। शिफेंग ने अंतर को 13-15 तक कम कर दिया, लेकिन लक्ष्य ने फिर से लय हासिल कर ली और एक नेट कॉर्ड की मदद से 18-13 से आगे हो गए। उन्होंने इसके बाद 24 मिनट में पहला गेम अपने नाम कर दिया।







अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की दो टूक

# ईरान पर हमले होंगे तेज, छह हफ्तों में हवाई क्षेत्र पर करेंगे पूरा नियंत्रण

*अमेरिका ने कहा है कि वह आने वाले कुछ हफ्तों में ईरान के हवाई क्षेत्र पर नियंत्रण पाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि वॉशिंगटन को उम्मीद है कि अमेरिका के जो सैन्य उद्देश्य तय किए गए हैं, उन्हें करीब चार से छह हफ्तों के भीतर पूरा किया जा सकता है*

अमेरिका - ईरान जंग
विश्व युद्ध की आहट



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष शनिवार को अपने आठवें दिन में प्रवेश कर गया। ईरान की राजधानी तेहरान में शनिवार तड़के कई विस्फोट हुए, जिनसे आसमान में काले धुएं के गुबार उठते दिखाई दिए। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल की ओर मिसाइलें दागीं। इस बीच अमेरिका ने चेतावनी दी कि ईरान पर हमले तेज होंगे। अमेरिका ने कहा है कि वह आने वाले कुछ हफ्तों में ईरान के हवाई क्षेत्र पर नियंत्रण पाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि अमेरिका इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में काफी आगे बढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन को उम्मीद है कि अमेरिका के जो सैन्य उद्देश्य तय किए गए हैं, उन्हें करीब चार से छह हफ्तों के भीतर पूरा किया जा सकता है। व्हाइट हाउस के मुताबिक, मौजूदा हालात में अमेरिका की रणनीति ईरान के हवाई क्षेत्र पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने और क्षेत्र में अपनी सैन्य बढ़त बनाए रखने की है। वहीं, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा है कि ईरान के अंदर अब तक 3,000 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए गए हैं।

## *ईरान में अब तक 3,000 से ज्यादा ठिकानों पर यूएस ने हमले किए*

## *ट्रंप ने सैन्य हथियार निर्माण कंपनियों के साथ की बेहद महत्वपूर्ण बैठक*

## अमेरिकी का हथियार उत्पादन चार गुना बढ़ाने का ऐलान



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने और हथियार उत्पादन चौगुना करने की योजना का खुलासा किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर ट्रंप ने बताया कि उन्होंने हाल ही में अमेरिका की सबसे बड़ी सैन्य हथियार निर्माण कंपनियों के साथ एक अहम बैठक की। इसमें उन्होंने प्रोडक्शन और प्रोडक्शन शेड्यूल पर चर्चा की। साथ ही उच्चस्तरीय हथियार के उत्पादन को चार गुना बढ़ाए जाने पर सहमति बनी। ट्रंप ने बताया कि इन हथियारों का उत्पादन जल्द से जल्द और उच्च मात्रा में हासिल करना उनकी प्राथमिकता है। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इन हथियारों के उत्पादन विस्तार का काम तीन महीने पहले ही शुरू हो चुका है और कई हथियारों की निर्माण प्रक्रिया अब भी चल रही है।

### ईरान के इस्फहान पर हुए हमले में एक महिला सहित 8 लोगों की मौत

ईरान के मध्य प्रांत इस्फहान पर अमेरिकी-इजराइली हमलों में कम से कम आठ लोगों के मारे जाने की खबर है। इस्फहान प्रांत में राज्यपाल कार्यालय के एक सुरक्षा अधिकारी अकबर सालेही ने कहा कि इन हमलों में एक महिला सहित 8 नागरिक शहीद हो गए। अमेरिकी और इजराइली शासन के लड़ाकू विमानों ने इस्फहान शहर और प्रांत के सात अन्य शहरों के इलाकों पर हमला किया। शहर के साथ-साथ लेनजान और बोरखर इलाकों में 80 घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इजराइली सेना के हवाले से बताया कि 80 लड़ाकू विमानों ने रात भर में ईरान पर 230 बम गिराए हैं। जिससे ईरान की राजधानी तेहरान सहित कई स्थानों पर भीषण विस्फोट हुए हैं।

### ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइल 'फतह' का उपयोग किया



ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने सैन्य और सैन्य सहायता केंद्रों पर मिसाइलों और ड्रोनों से हमलों की 25वीं लहर की घोषणा की है। आईआरजीसी ने कहा कि इस अभियान में हाइपरसोनिक फतह मिसाइल और बैलिस्टिक इमाद मिसाइलों का इस्तेमाल किया जा रहा है। आईआरजीसी की नौसेना ने संयुक्त अरब अमीरात के अल-धाफरा हवाई अड्डे पर ड्रोन हमला किया है। हमले में एक अमेरिकी उपग्रह संचार केंद्र, प्रारंभिक चेतावनी और फायर कंट्रोल रडार को निशाना बनाया गया। इजराइली सेना के मुताबिक ईरान ने मिसाइलें हमलों की नई लहर शुरू कर दी है। इजराइली रक्षा प्रणालियां इस खतरे को रोकने के लिए काम कर रही हैं। सेना के अनुसार संबंधित क्षेत्रों के निवासियों को मोबाइल फोन पर अलर्ट प्राप्त हुआ है। सेना ने कहा कि रक्षा प्रणालियां काम कर रही हैं।

### मुनीर ने सऊदी अरब के रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन से मुलाकात की



पाकिस्तान के रक्षा बलों के प्रमुख (सीडीएफ) फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर सऊदी अरब पहुंचे और वहां रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान से मुलाकात कर सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की। प्रिंस खालिद बिन सलमान ने शनिवार तड़के 'एक्स' पर जारी बयान में कहा कि उनकी फील्ड मार्शल मुनीर के साथ हुई बैठक का मुख्य उद्देश्य उन हमलों को रोकने के उपायों पर चर्चा करना था, जो उनके अनुसार क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता के हित में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि ईरान समझदारी और विवेक को प्राथमिकता देगा और गलत आकलन से बचेगा।

### ट्रंप की हत्या की साजिश करने वाला पाकिस्तानी दोषी करार, ईरान ने दिया था प्रशिक्षण



ट्रंप की हत्या की साजिश करने वाले पाकिस्तान के 48 साल के आसिफ रजा मर्चेंट को शुक्रवार को ब्रुकलिन की अदालत में दोषी ठहराया गया। एक फेडरल जूरी ने उसे भाड़े पर हत्या करने और आतंकवाद फैलाने की कोशिश का अपराधी माना। मर्चेंट को अब उम्रकैद की सजा हो सकती है। अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पामेला बोंडी ने बताया कि मर्चेंट खास तौर पर ट्रंप को मारने के इरादे से अमेरिका आया था। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, मर्चेंट 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) का एक प्रशिक्षित एजेंट था। उसने अदालत में माना कि साल 2024 में आईआरजीसी ने उसे राजनीतिक हत्याओं का इंतजाम करने के लिए अमेरिका भेजा था। उसके निशाने पर ट्रंप के अलावा पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन और निक्की हेली भी हो सकते थे। मर्चेंट ने स्वीकार किया कि उसका मुख्य लक्ष्य ट्रंप ही थे।

## दुबई में ईरान का फिर से ड्रोन हमला, एक की मौत

- दुबई में ईरान ने फिर से ड्रोन हमला किया। मरीना में टावर का हिस्सा टूटकर गिर गया। एक की मौत हो गई।
- फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने कहा कि हाल के दिनों में संयुक्त अरब अमीरात में फंसे कम से कम 4,300 लोगों को फ्रांस निकाला गया है, और आने वाले दिनों में और फ्लाइट्स की योजना है।
- संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने कहा है कि देश किसी भी सुरक्षा खतरे का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।
- हिज्बुल्लाह का दावा: उसने लेबनान के मरकाबा गांव के सामने स्थित हौनीन गेट के पास इजरायली सेना के वाहनों के एक समूह पर हमला किया।

### *अरब लीग के विदेश मंत्रियों की आज आपात बैठक*



*ईरानी हमलों के मुद्दे पर अरब लीग के विदेश मंत्री रविवार को एक आपात बैठक करने जा रहे हैं। इस बैठक में कई अरब देशों के क्षेत्रों पर हुए ईरानी हमलों और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की जाएगी। अरब लीग के सहायक महासचिव हुसाम जाकी ने बताया कि यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित की जाएगी। इस आपात बैठक की मांग सऊदी अरब, कुवैत, कतर, ओमान, जॉर्डन और मिस्र ने संयुक्त रूप से की है। इन देशों का कहना है कि क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव और हमलों को देखते हुए तत्काल चर्चा और सामूहिक रुख तय करना जरूरी हो गया है। 28 फरवरी को जंग की शुरुआत से अब तक ईरान इजराइल समेत पश्चिम एशिया के 13 देशों को निशाना बना चुका है।*

### इजराइल को 151.8 मिलियन डॉलर की सैन्य सहायता मंजूर

अमेरिका ने इजराइल को लगभग 151.8 मिलियन डॉलर (करीब 1300 करोड़ रुपए) के हथियारों और सैन्य सहायता की बिक्री को मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी को एक आपातकालीन बिक्री के रूप में वर्गीकृत किया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने इस तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि मौजूदा आपातकालीन स्थिति को देखते हुए यह सैन्य सामान तुरंत बेचना आवश्यक हो गया था। यह कदम इजराइल की सैन्य क्षमता को मजबूत करने और क्षेत्र में अपनी स्थिति बनाए रखने के उसके प्रयासों का समर्थन करने के लिए उठाया गया है।

लावन युद्धपोत पर जयशंकर की सफाई

### मानवीय आधार पर दी डॉकिंग की अनुमति



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत ने ईरान के नौसैनिक जहाज 'आईरिस लावन' को कोच्चि में डॉक करने की अनुमति मानवीय आधार पर दी थी। उन्होंने बताया कि जहाज में तकनीकी समस्या आने के बाद ईरान ने भारत से सहायता मांगी थी, जिसके बाद यह फैसला लिया गया। दरअसल, ईरान का एक अन्य जहाज 'आईरिस देना' अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में डूब गया था। इसी बीच 'आईरिस लावन' ने तकनीकी दिक्कतों की जानकारी देते हुए भारत के बंदरगाह पर आने की अनुमति मांगी। विदेश मंत्री ने बताया कि यह अनुरोध 28 फरवरी के आसपास आया था और भारत ने 1 मार्च को जहाज को कोच्चि पोर्ट में प्रवेश की अनुमति दे दी। कुछ दिनों की यात्रा के बाद जहाज वहां पहुंच गया। जहाज पर मौजूद 183 क्रू सदस्य फिलहाल कोच्चि स्थित नौसैनिक सुविधाओं में ठहरे हुए हैं।

### *ईरान पर हमले निंदनीय: मलेशिया*



*ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल के हमले को लेकर मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने एक बार फिर से अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने ईरान के प्रति मलेशिया के लोगों की सहानुभूति और एकजुटता दिखाई। एक्स पर मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने कहा कि मैंने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से इस बहुत मुश्किल समय में ईरान के लोगों के साथ मलेशिया की सहानुभूति और एकजुटता जाहिर करने के लिए बातचीत की। मैंने हमलों में मारे गए लोगों के लिए मलेशिया की तरफ से अपनी संवेदना भी जाहिर की।*

### सीबीएसई परीक्षाएं 11 मार्च तक स्थगित

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने पश्चिम एशिया के सात देशों- बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई में कक्षा 12वीं की 9, 10 और 11 मार्च 2026 को होने वाली बोर्ड परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। नई तारीखें बाद में घोषित होंगी। 10 मार्च को स्थिति की समीक्षा के बाद आगे की परीक्षाओं पर फैसला लिया जाएगा। बोर्ड की ओर से 7 मार्च 2026 को जारी एक आधिकारिक सर्कुलर में यह जानकारी दी गई है।

### *दुबई के लिए 80 फीसदी महंगा हुआ हवाई टिकट*



*युद्ध के चलते पिछले एक हफ्ते में भारत से दुबई के लिए फ्लाइट टिकट के दाम 60 से 80 फीसदी तक महंगे हो गए हैं। वहीं, भारत से यूरोप जाने वाली फ्लाइट्स के टिकट 40 फीसदी से ज्यादा महंगे हो गए हैं। भारत-दुबई कॉरिडोर पर काफी कम फ्लाइट्स ऑपरेट हो रही हैं। ऐसे में एकतरफा टिकट के किराए में 60% से 80% तक की बढ़ोतरी हुई है। जर्मनी और पुर्तगाल जैसे यूरोपीय देशों के फ्लाइट टिकट्स की कीमत में जबरदस्त इजाफा हुआ है। 1 से 5 मार्च के बीच की बुकिंग में में बीते सप्ताह की तुलना में 40 फीसदी तक टिकट महंगा हुआ है। दिल्ली से फ्रैंकफर्ट रूट पर कई दिनों के लिए उपलब्ध ही नहीं है। वहीं, इकनॉमी क्लास का सबसे सस्ता टिकट भी 1.5 लाख रुपए तक पहुंच गया है।*

### इमरान की पार्टी के 47 कार्यकर्ताओं को जेल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 47 नेताओं और समर्थकों को अदालत ने 10 साल की सजा सुनाई है। यह फैसला रावलपिंडी की आतंकवाद निरोधक अदालत ने शनिवार को सुनाया। अदालत ने इन सभी लोगों को मई 2023 में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों और तोड़फोड़ के मामले में दोषी पाया है।

रायसीना डायलॉग 2026 के 11वें संस्करण में विदेश मंत्री जयशंकर बोले

दुनिया को हम पर भरोसा

## भारत में सभी देशों को एक मंच पर लाने की काबिलियत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यहां आयोजित रायसीना डायलॉग 2026 के 11वें संस्करण के आखिरी दिन शनिवार को भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कार्यक्रम को संबोधित किया और हिंद महासागर में भारत की कूटनीति की सराहना की। जयशंकर ने बताया कि भारत के पास सभी देशों को एक मंच पर लाने की काबिलियत है, क्योंकि वे हम पर ज्यादा भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा कि जब हिंद महासागर की बात आती है तो भारत की एक खास अहमियत है और इसलिए एक खास जिम्मेदारी और एक खास योगदान है। हमारे पास बहुत सारे देशों को टेबल पर या प्लेटफॉर्म पर साथ लाने की क्षमता है क्योंकि हमारे उनके साथ अच्छे संबंध हैं। शायद वे हम पर ज्यादा भरोसा करते हैं या वे हमारे साथ ज्यादा कंफर्टेबल हैं।




भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

### *कई देशों के पास भारत के जहाज*

*जयशंकर ने कहा कि जब मैं अपने तीन सहयोगियों, सेशेल्स, मॉरीशस और श्रीलंका को उनकी नौसेनाओं और उनके तट रक्षकों के साथ देखता हूं, तो हमारा साथ मिलकर काम करने का एक लंबा इतिहास रहा है। उनमें से कई के पास भारतीय मूल के जहाज या शिल्प हैं।*

फिनलैंड के राष्ट्रपति स्टब बोले

## आने वाला समय 'भारत' का, वो किसी भी पक्ष से बात कर सकता

एजेंसी ▶▶ मुंबई



फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने शनिवार को भारत की जमकर सराहना की है। मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शामिल है, जो वैश्विक विवादों में हर पक्ष से बात कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत की संतुलित विदेश नीति उसे वैश्विक संघर्षों में कई पक्षों से संबंध बनाए रखने में मदद करती है। भारत उन दुर्लभ देशों में से है जो लगभग सभी से बात कर सकता है। इसकी विदेश नीति व्यावहारिक और यथार्थवादी है। भारत के गहरे गठबंधन नहीं हैं, जो इसे काफी खुला बनाता है।

केंद्रीय उद्योग मंत्री गोयल का दावा

## अन्य देशों की तुलना में भारत को अमेरिका से सबसे बेहतर डील मिली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत ने अपने प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अमेरिका के साथ सबसे बेहतर व्यापारिक समझौता हासिल किया है। उन्होंने कहा दोनों देश एक अत्यंत शक्तिशाली संबंध साझा करते हैं। गोयल ने कहा कि अमेरिका 30 लाख करोड़ डॉलर की विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और कोई भी इसकी उपेक्षा नहीं कर सकता। रायसीना संवाद 2026 में उन्होंने कहा कि हमारे संबंध बेहतरीन हैं और राष्ट्रपति ट्रंप ने सदैव भारत और पीएम मोदी के विषय में प्रशंसात्मक बातें कही हैं। भारत-



अमेरिका संबंध सुदृढ़ और बहुआयामी हैं, जिनमें व्यापार के साथ-साथ प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा और वृहद निवेश की मुख्य भूमिका है। समझौते के तहत भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करेगा। साथ ही भारत ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से ऊर्जा उत्पादों, विमानों, प्रौद्योगिकी और कोकिंग कोल सहित 500 अरब डॉलर की खरीद करने की मंशा भी जताई है।

विश्व महिला दिवस विशेष

पथरीली जमीन पर पांच तालाब; 40 टन मछली उत्पादन से 55 लाख का सालाना कारोबार

## आईटी इंजीनियर बनीं सफल मत्स्य उद्यमी

अनुरोध पटेरिया ▶▶ जबलपुर

### हैदराबाद की मल्टीनेशनल नौकरी छोड़ जबलपुर लौटीं भाविनी झा ने आधुनिक तकनीक से खड़ा किया मत्स्य पालन का मॉडल

हैदराबाद की मल्टीनेशनल कंपनी की नौकरी छोड़कर जबलपुर लौटीं आईटी इंजीनियर भाविनी झा ने मत्स्य पालन के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। पथरीली जमीन और शुरुआती असफलताओं के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और आधुनिक तकनीक के सहारे साढ़े तीन वर्षों में अपने व्यवसाय को 55 लाख रुपये सालाना टर्नओवर तक पहुंचा दिया। नेपियर टाउन निवासी भाविनी ने सूचना प्रौद्योगिकी में इंजीनियरिंग के बाद हैदराबाद में नौकरी की। विवाह के बाद वे जबलपुर आकर पति कौस्तुभ वर्मा के कोचिंग संस्थान में सहयोग करने लगीं। वर्ष 2021 तक कोचिंग से जुड़ी रहने के बाद उन्होंने खाद्य आधारित व्यवसाय की दिशा में कदम बढ़ाया। जमीन की तलाश में वे स्वयं आसपास के गांवों में गईं और अंततः ग्राम हिनौतिया में साढ़े चार एकड़ भूमि खरीदी। वर्ष 2022 में पहला तालाब बनवाया, लेकिन मुरम और पत्थर वाली जमीन में पानी नहीं टिक पाया। इसके बाद उन्होंने तालाब में एचडीपीई लाइनर शीट बिछाकर आधुनिक तकनीक अपनाई, जिससे प्रयास सफल हुआ।मार्च 2023 में पहले प्रयोग से लगभग 5 हजार किलोग्राम मछली उत्पादन हुआ। बाजार में अच्छी कीमत मिलने पर उन्होंने तालाबों की संख्या बढ़ाकर पांच कर दी। अब इन तालाबों में मुख्य रूप से पेंगासस (पंकज) प्रजाति की करीब 40 टन मछली प्रतिवर्ष तैयार हो रही है, जिसकी मांग जबलपुर के साथ उत्तर प्रदेश तक है।मत्स्य पालन की तकनीक समझने के लिए भाविनी ने भुवनेश्वर स्थित केंद्रीय मीठा जल जलीय संस्थान और मुंबई के केंद्रीय मत्स्य संस्थान से प्रशिक्षण लिया। उनका लक्ष्य आने वाले वर्षों में उत्पादन को 300 टन प्रतिवर्ष तक बढ़ाने का है।

### लगातार सीखते हुए आगे बढ़ती रही

शुरुआत में जमीन और तकनीक को लेकर कई कठिनाइयां आईं, लेकिन लगातार सीखते हुए आगे बढ़ती रही। मत्स्य पालन में अभी और भी बड़ी संभावनाएं हैं।"
**- भाविनी झा, मत्स्य उद्यमी**



- साढ़े तीन वर्ष में मत्स्य व्यवसाय का टर्नओवर 55 लाख रुपये
- ग्राम हिनौतिया में साढ़े चार एकड़ भूमि पर पांच तालाब
- प्रतिवर्ष करीब 40 टन पेंगासस मछली उत्पादन
- भुवनेश्वर और मुंबई के संस्थानों से लिया प्रशिक्षण

### कैसे शुरू हुआ विचार

कोरोना काल में कोचिंग गतिविधियों पर असर पड़ा तो भाविनी ने खाद्य आधारित व्यवसाय की संभावनाएं तलाशना शुरू किया। कुक्कुट, बकरी और मशरूम उत्पादन से जुड़ी जानकारी लेने के बाद उन्होंने मत्स्य पालन को अधिक संभावनाशील मानते हुए इस क्षेत्र में कदम रखा।

### कितना निवेश, कितना उत्पादन

तालाब निर्माण और तकनीकी व्यवस्था में लगभग 45 लाख रुपये का निवेश किया गया। वर्तमान में पांच तालाबों से करीब 40 टन मछली का वार्षिक उत्पादन हो रहा है।

### भविष्य का लक्ष्य

तीन संतानों की परवरिश के साथभाविनी झा आने वाले वर्षों में अपने मत्स्य व्यवसाय का विस्तार कर 300 टन वार्षिक उत्पादन एवं सीड प्रोडक्शन की योजना पर काम कर रही हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28